15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

लेखाशास्त्र
ACCOUNTANCY

*निर्धारित समय : **3** घण्टे*
*Time allowed : **3** hours*

*अधिकतम अंक : **80***
*Maximum Marks : **80***

सामान्य निर्देश :

निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :

(i) *इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।*

(ii) *यह प्रश्न-पत्र **दो** भागों में विभाजित है — **भाग क** तथा **भाग ख**।*

(iii) ***भाग क** सभी परीक्षार्थियों के लिए **अनिवार्य** है।*

(iv) ***भाग ख** के दो विकल्प हैं। परीक्षार्थियों को केवल **एक** ही विकल्प के प्रश्नों के उत्तर लिखने हैं।*

विकल्प I : वित्तीय विवरणों का विश्लेषण

विकल्प II : अभिकलित्र लेखांकन

(v) *प्रश्न संख्या **1** से **16** (भाग क) तथा प्रश्न संख्या **27** से **30** (भाग ख) बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है।*

(vi) *प्रश्न संख्या **17** से **20** (भाग क) तथा प्रश्न संख्या **31** और **32** (भाग ख) लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है।*

(vii) *प्रश्न संख्या **21, 22** (भाग क) तथा प्रश्न संख्या **33** (भाग ख) दीर्घ-उत्तरीय प्रकार-I के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है।*

(viii) *प्रश्न संख्या **23** से **26** (भाग क) तथा प्रश्न संख्या **34** (भाग ख) दीर्घ-उत्तरीय प्रकार-II के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **6** अंकों का है।*

(ix) *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है। यद्यपि, प्रत्येक भाग के कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का चयन दिया गया है।*

भाग क
(साझेदारी फर्मों तथा कम्पनियों के लिए लेखांकन)

1. क, ख तथा ग एक फर्म में साझेदार थे तथा 5 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे। घ को फर्म के लाभों में $\frac{1}{5}$ भाग के लिए एक नए साझेदार के रूप में प्रवेश दिया गया। घ ने अपने संपूर्ण भाग का अधिग्रहण क से किया। क, ख, ग तथा घ का नया लाभ विभाजन अनुपात होगा : *1*

(A) 5 : 2 : 2 : 1

(B) 3 : 3 : 2 : 2

(C) 3 : 2 : 3 : 2

(D) 4 : 3 : 2 : 1

General Instructions :

Read the following instructions carefully and follow them :

(i) *This question paper contains **34** questions. **All** questions are **compulsory**.*

(ii) *This question paper is divided into **two** parts — **Part A** and **Part B**.*

(iii) ***Part A** is **compulsory** for all candidates.*

(iv) ***Part B** has two options. Candidates have to attempt only **one** of the given options.*

Option I : Analysis of Financial Statements

Option II : Computerised Accounting

(v) *Questions number **1** to **16** (Part A) and Questions number **27** to **30** (Part B) are multiple choice questions. Each question carries **1** mark.*

(vi) *Questions number **17** to **20** (Part A) and Questions number **31** and **32** (Part B) are short answer type questions. Each question carries **3** marks.*

(vii) *Questions number **21, 22** (Part A) and Question number **33** (Part B) are Long answer type-I questions. Each question carries **4** marks.*

(viii) *Questions number **23** to **26** (Part A) and Question number **34** (Part B) are Long answer type-II questions. Each question carries **6** marks.*

(ix) *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in few questions in each of the parts.*

PART A

(Accounting for Partnership Firms and Companies)

1. A, B and C were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 5 : 3 : 2. D was admitted as a new partner for $\frac{1}{5}^{\text{th}}$ share in the profits of the firm. D acquired his share entirely from A. The new profit sharing ratio between A, B, C and D will be : *1*

(A) 5 : 2 : 2 : 1

(B) 3 : 3 : 2 : 2

(C) 3 : 2 : 3 : 2

(D) 4 : 3 : 2 : 1

2. रवि, मोहन तथा विनोद एक फर्म में साझेदार थे तथा 2 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे। साझेदारी संलेख में साझेदारों के आहरण पर 12% वार्षिक दर से ब्याज प्रभारित करने का प्रावधान था। 1 जुलाई, 2023 से शुरू करके मोहन ने अपने व्यक्तिगत उपयोग के लिए प्रति माह ₹ 20,000 का आहरण किया। 31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वर्ष में मोहन के आहरण पर ब्याज _____ महीने के लिए प्रभारित किया जाएगा। *1*

(A) $6\frac{1}{2}$ (B) 6

(C) $5\frac{1}{2}$ (D) 5

3. यहाँ दो कथन दिए गए हैं अभिकथन (A) तथा कारण (R) :

अभिकथन (A) : साझेदारी दो या दो से अधिक व्यक्तियों के बीच व्यवसाय करने एवं उसके लाभ-हानि को विभाजित करने के समझौते का परिणाम है।

कारण (R) : साझेदारी समझौता सदैव लिखित रूप में होना चाहिए।

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

(A) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(B) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(C) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है।

4. (क) एक कंपनी द्वारा अयाचित पूँजी का वह भाग जिसे केवल कंपनी के विघटन की स्थिति में माँगने के लिए आरक्षित किया जाता है, कहलाता है : *1*

(A) अभिदत्त परंतु पूर्ण प्रदत्त नहीं पूँजी

(B) अनिर्गमित पूँजी

(C) आरक्षित पूँजी

(D) अभिदत्त पूँजी

अथवा

(ख) जब एक कंपनी द्वारा जनता को अभिदान के लिए प्रस्तुत किए गए अंशों की संख्या से अधिक अंशों के लिए आवेदन प्राप्त होते हैं, तो इसे जाना जाता है : *1*

(A) अधि अभिदान (B) पूर्ण अभिदान

(C) प्रीमियम पर अभिदान (D) न्यून अभिदान

2. Ravi, Mohan and Vinod were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 2 : 2 : 1. The partnership deed provided that interest on partners' drawings will be charged @ 12% p.a. Starting from 1st July, 2023, Mohan withdrew ₹ 20,000 every month for his personal use. For the year ended 31st March, 2024 interest on Mohan's drawings will be charged for _____ months. *1*

(A) $6\frac{1}{2}$ (B) 6

(C) $5\frac{1}{2}$ (D) 5

3. There are two statements Assertion (A) and Reason (R) :

Assertion (A) : Partnership is the result of an agreement between two or more persons to do business and share its profits and losses.

Reason (R) : Partnership agreement should always be in written form.

Choose the correct alternative from the following : *1*

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is correct, but Reason (R) is incorrect.

(D) Assertion (A) is incorrect, but Reason (R) is correct.

4. (a) A portion of the uncalled capital reserved by a company to be called only in the event of winding up of the company, is called : *1*

(A) Subscribed but not fully paid up capital

(B) Unissued capital

(C) Reserve capital

(D) Subscribed capital

OR

(b) When applications for more shares of a company are received than the number of shares offered to the public for subscription, it is known as : *1*

(A) Over subscription (B) Full subscription

(C) Subscription at premium (D) Under subscription

5. (क) मानव, मयंक तथा मनीष एक फर्म में साझेदार थे तथा 5 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे । 31 मार्च, 2024 को उनका स्थिति विवरण लाभ-हानि खाते में ₹ 60,000 का नाम शेष दर्शा रहा था । उन्होंने निर्णय लिया कि 1 अप्रैल, 2024 से वे लाभों को 2 : 2 : 1 के अनुपात में विभाजित करेंगे । फर्म के पुनर्गठन पर लाभ-हानि खाते के नाम शेष को अपलिखित करने की रोज़नामचा प्रविष्टि होगी : *1*

मानव, मयंक तथा मनीष
रोज़नामचा

	विवरण		नाम राशि (₹)	जमा राशि (₹)
(A)	मानव का पूँजी खाता	नाम	30,000	
	मयंक का पूँजी खाता	नाम	18,000	
	मनीष का पूँजी खाता	नाम	12,000	
	लाभ-हानि खाता			60,000
(B)	मानव का पूँजी खाता	नाम	24,000	
	मयंक का पूँजी खाता	नाम	24,000	
	मनीष का पूँजी खाता	नाम	12,000	
	लाभ-हानि खाता			60,000
(C)	मयंक का पूँजी खाता	नाम	6,000	
	मानव का पूँजी खाता			6,000
(D)	मानव का पूँजी खाता	नाम	6,000	
	मयंक का पूँजी खाता			6,000

अथवा

(ख) मूर्ति तथा माधवन एक फर्म में साझेदार थे तथा 3 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे । उन्होंने श्रीनिवास को एक नए साझेदार के रूप में फर्म में प्रवेश दिया । श्रीनिवास के प्रवेश के समय, देनदार खाते में ₹ 8,00,000 का शेष मौजूद था तथा डूबत ऋण प्रावधान खाते में ₹ 50,000 का शेष था । ₹ 60,000 के देनदार डूब गए तथा इन्हें अपलिखित कर दिया गया । डूबत ऋणों के लिए प्रावधान को देनदारों के 10% पर रखने का निर्णय लिया गया । फर्म के पुनर्गठन पर पुनर्मूल्यांकन खाता _____ से डेबिट किया जाएगा । *1*

(A) ₹ 80,000 (B) ₹ 10,000

(C) ₹ 84,000 (D) ₹ 74,000

5. (a) Manav, Mayank and Manish were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 5 : 3 : 2. On 31st March, 2024, their Balance Sheet showed a debit balance of ₹ 60,000 in the Profit and Loss Account. They decided that from 1st April, 2024 they will share profits in the ratio of 2 : 2 : 1. The journal entry for writing off the debit balance of Profit and Loss Account on reconstitution of the firm will be : *1*

Manav, Mayank and Manish

JOURNAL

	Particulars		Dr. Amount (₹)	Cr. Amount (₹)
(A)	Manav's Capital A/c	Dr.	30,000	
	Mayank's Capital A/c	Dr.	18,000	
	Manish's Capital A/c	Dr.	12,000	
	To Profit and Loss A/c			60,000
(B)	Manav's Capital A/c	Dr.	24,000	
	Mayank's Capital A/c	Dr.	24,000	
	Manish's Capital A/c	Dr.	12,000	
	To Profit and Loss A/c			60,000
(C)	Mayank's Capital A/c	Dr.	6,000	
	To Manav's Capital A/c			6,000
(D)	Manav's Capital A/c	Dr.	6,000	
	To Mayank's Capital A/c			6,000

OR

(b) Murthy and Madhavan were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 1. They admitted Shriniwas as a new partner in the firm. On admission of Shriniwas, there existed a balance of ₹ 8,00,000 in debtors account and a balance of ₹ 50,000 in provision for bad debts account. Debtors of ₹ 60,000 proved bad and hence were written off. It was decided to maintain a provision for bad debts at 10% of the debtors. The revaluation account will be debited by _____ on the reconstitution of the firm. *1*

(A) ₹ 80,000 (B) ₹ 10,000

(C) ₹ 84,000 (D) ₹ 74,000

6. (क) मानस लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के 600 अंशों का ₹ 2 प्रति अंश की प्रथम याचना राशि का भुगतान न करने पर हरण कर लिया। ₹ 3 प्रति अंश की अंतिम याचना राशि अभी माँगी नहीं गयी थी। अंशों के हरण की रोज़नामचा प्रविष्टि में 'अंश हरण खाता' होगा : *1*

(A) ₹ 1,200 से डेबिट (B) ₹ 1,200 से क्रेडिट

(C) ₹ 3,000 से डेबिट (D) ₹ 3,000 से क्रेडिट

अथवा

(ख) राजेश लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के ₹ 70 प्रति अंश याचित, 300 समता अंशों का हरण ₹ 20 प्रति अंश की प्रथम याचना का भुगतान न करने पर कर लिया। इन अंशों में से, 100 अंशों को ₹ 100 प्रति अंश, ₹ 70 प्रति अंश प्रदत्त में पुन: निर्गमित कर दिया गया। 100 अंशों के पुन: निर्गमन के बाद अंश हरण खाते में कितनी राशि शेष बचेगी ? *1*

(A) ₹ 10,000 (B) ₹ 3,000

(C) ₹ 21,000 (D) ₹ 5,000

7. श्यामला लिमिटेड ने रोहिणी लिमिटेड से ₹ 9,50,000 की मशीनरी खरीदी। भुगतान ₹ 100 प्रत्येक के 9% ऋणपत्रों को 5% बट्टे पर निर्गमित करके किया गया जिनका शोधन चार वर्षों के पश्चात 10% प्रीमियम पर करना है। रोहिणी लिमिटेड के पक्ष में निर्गमित किए गए ऋणपत्रों की संख्या होगी : *1*

(A) 10,000 (B) 9,500

(C) 9,050 (D) 8,636

8. (क) एक साझेदार, मोहन ने 31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वर्ष में अपने व्यक्तिगत उपयोग के लिए व्यवसाय से ₹ 80,000 का आहरण किया। आहरण पर ब्याज 12% वार्षिक दर से प्रभारित किया जाना था। मोहन के आहरण पर ब्याज होगा : *1*

(A) ₹ 9,600 (B) ₹ 4,800

(C) ₹ 800 (D) ₹ 1,600

अथवा

(ख) साझेदार की पूँजी पर ब्याज लगाने पर निम्नलिखित में से किस खाते को डेबिट किया जाता है ? *1*

(A) लाभ-हानि खाता

(B) साझेदार का चालू खाता

(C) पूँजी पर ब्याज खाता

(D) साझेदार का पूँजी खाता

9. दमन, मोहित तथा पारस एक फर्म में साझेदार थे तथा 4 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे। दमन सेवानिवृत्त हो गया। मोहित और पारस ने भविष्य में लाभ-हानि 5 : 3 के अनुपात में विभाजित करने का निर्णय लिया। मोहित और पारस का अभिलाभ अनुपात होगा : *1*

(A) 21 : 11 (B) 3 : 2

(C) 5 : 3 (D) 1 : 1

6. (a) Manas Ltd. forfeited 600 shares of ₹ 10 each for the non-payment of first call of ₹ 2 per share. The final call of ₹ 3 per share was not yet called. In the journal entry for forfeiture of shares, 'Share Forfeiture Account' will be : *1*

(A) Debited by ₹ 1,200 (B) Credited by ₹ 1,200

(C) Debited by ₹ 3,000 (D) Credited by ₹ 3,000

OR

(b) Rajesh Ltd. forfeited 300 equity shares of ₹ 100 each, ₹ 70 called up for the non-payment of first call of ₹ 20 per share. Out of these shares, 100 shares were reissued @ ₹ 100 per share, ₹ 70 paid up. How much balance will remain in the share forfeiture account after reissue of 100 shares ? *1*

(A) ₹ 10,000 (B) ₹ 3,000

(C) ₹ 21,000 (D) ₹ 5,000

7. Shyamla Ltd. purchased machinery of ₹ 9,50,000 from Rohini Ltd. The payment was made by issue of 9% debentures of ₹ 100 each at a discount of 5% redeemable at a premium of 10% after four years. The number of debentures issued in favour of Rohini Ltd. will be : *1*

(A) 10,000 (B) 9,500

(C) 9,050 (D) 8,636

8. (a) Mohan, a partner, withdrew ₹ 80,000 from the business for his personal use during the year ended 31st March, 2024. Interest on drawings was to be charged @ 12% per annum. Interest on Mohan's drawings will be : *1*

(A) ₹ 9,600 (B) ₹ 4,800

(C) ₹ 800 (D) ₹ 1,600

OR

(b) The following account is debited for allowing interest on partners' capital : *1*

(A) Profit and Loss Account

(B) Partners' Current Account

(C) Interest on Capital Account

(D) Partners' Capital Account

9. Daman, Mohit and Paras were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 4 : 3 : 2. Daman retires. Mohit and Paras decided to share future profits and losses in the ratio of 5 : 3. The gaining ratio of Mohit and Paras will be : *1*

(A) 21 : 11 (B) 3 : 2

(C) 5 : 3 (D) 1 : 1

10. साझेदारी फर्म के विघटन की स्थिति में, हानि जिसमें पूँजी की कमी भी सम्मिलित होती है, के भुगतान का क्रम होगा : *1*

(A) (i) सबसे पहले लाभों में से, (ii) उसके बाद साझेदारों द्वारा व्यक्तिगत रूप से उनके लाभ विभाजन अनुपात में, (iii) अंत में, यदि आवश्यक हो, तो साझेदारों की पूँजी से।

(B) (i) सबसे पहले साझेदारों की पूँजी से, (ii) उसके बाद लाभों में से, (iii) अंत में, यदि आवश्यक हो, तो साझेदारों द्वारा व्यक्तिगत रूप से उनके लाभ विभाजन अनुपात में।

(C) (i) सबसे पहले साझेदारों द्वारा व्यक्तिगत रूप से उनके लाभ विभाजन अनुपात में, (ii) उसके बाद लाभों में से, (iii) अंत में, यदि आवश्यक हो, तो साझेदारों की पूँजी से।

(D) (i) सबसे पहले लाभों में से, (ii) उसके बाद साझेदारों की पूँजी से, (iii) अंत में, यदि आवश्यक हो, तो साझेदारों द्वारा व्यक्तिगत रूप से उनके लाभ विभाजन अनुपात में।

11. अशोक तथा अविनाश एक फर्म में साझेदार थे तथा 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे। 1 अप्रैल, 2023 को उनकी पूँजी क्रमश: ₹ 10,00,000 तथा ₹ 15,00,000 थीं। 31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वर्ष के खाते तैयार करने के पश्चात ज्ञात हुआ कि साझेदारी संलेख के प्रावधान के अनुसार पूँजी पर 10% वार्षिक दर से ब्याज, लाभों के विभाजन से पूर्व साझेदारों के पूँजी खातों में क्रेडिट नहीं किया गया। यदि पूँजी पर ब्याज उचित रूप से लगाया गया होता, तो फर्म का विभाजित किया जाने वाला लाभ होता : *1*

(A) ₹ 2,50,000 से कम (B) ₹ 2,50,000 से अधिक

(C) लाभ में कोई परिवर्तन नहीं होता (D) ₹ 25,000 से कम

12. ऐसे ऋणपत्र जिन्हें सुपुर्दगी द्वारा हस्तांतरित किया जा सकता है और कंपनी ऋणपत्रधारकों का कोई रिकॉर्ड नहीं रखती, कहलाते हैं : *1*

(A) सुरक्षित ऋणपत्र (B) शोधनीय/मोचनीय ऋणपत्र

(C) पंजीकृत ऋणपत्र (D) वाहक ऋणपत्र

13. जावा लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के ₹ 80 प्रति अंश याचित, 600 समता अंशों का हरण ₹ 20 प्रति अंश की प्रथम याचना का भुगतान न करने पर कर लिया। इन अंशों को ₹ 90 प्रति अंश पूर्ण प्रदत्त पर पुन: निर्गमित कर दिया गया। 'पूँजी संचय' में हस्तांतरित की जाने वाली राशि होगी : *1*

(A) ₹ 36,000 (B) ₹ 30,000

(C) ₹ 48,000 (D) ₹ 54,000

10. In the event of dissolution of a partnership firm, the order of payment of losses including deficiencies of capital shall be : *1*

(A) (i) First out of profits, (ii) Next by the partners individually in their profit sharing ratio, (iii) Lastly, if necessary, out of capital of partners.

(B) (i) First out of capital of partners, (ii) Next out of profits, (iii) Lastly, if necessary, by the partners individually in their profit sharing ratio.

(C) (i) First by the partners individually in their profit sharing ratio, (ii) Next out of profits, (iii) Lastly, if necessary, out of capital of partners.

(D) (i) First out of profits, (ii) Next out of capital of partners, (iii) Lastly, if necessary, by the partners individually in their profit sharing ratio.

11. Ashok and Avinash were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 2. On 1st April, 2023, their capitals were ₹ 10,00,000 and ₹ 15,00,000 respectively. After the accounts for the year ending 31st March, 2024 were prepared, it was discovered that interest on capital at the rate of 10% per annum, as provided for in the partnership deed, was not credited to the partners' capital accounts before distribution of profits. Had the interest on capital been duly provided, the firm's divisible profit would have : *1*

(A) Reduced by ₹ 2,50,000 (B) Increased by ₹ 2,50,000

(C) No change in the profits (D) Reduced by ₹ 25,000

12. Debentures which can be transferred by way of delivery and the company does not keep any record of the debentureholders are called : *1*

(A) Secured Debentures (B) Redeemable Debentures

(C) Registered Debentures (D) Bearer Debentures

13. Java Ltd. forfeited 600 equity shares of ₹ 100 each ₹ 80 called up for the non-payment of first call of ₹ 20 per share. These shares were reissued at ₹ 90 per share fully paid up. The amount transferred to 'Capital Reserve' will be : *1*

(A) ₹ 36,000 (B) ₹ 30,000

(C) ₹ 48,000 (D) ₹ 54,000

14. उमा तथा वीना एक फर्म में साझेदार थीं तथा 4 : 5 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करती थीं। 1 अप्रैल, 2024 को उन्होंने लाभों में $\frac{1}{4}$ भाग के लिए ऊषा को एक नए साझेदार के रूप में फर्म में प्रवेश दिया। ऊषा के प्रवेश पर यह निर्णय लिया गया कि फर्म की ख्याति का मूल्यांकन पिछले वर्ष के लाभ के बराबर किया जाएगा। 31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वर्ष के लिए फर्म का लाभ ₹ 5,76,000 था। लेकिन इस लाभ की गणना करते समय, आरंभिक स्टॉक तथा अंतिम स्टॉक दोनों का मूल्यांकन ₹ 50,000 अधिक किया गया। फर्म की ख्याति होगी : *1*

(A) ₹ 5,76,000 (B) ₹ 6,76,000
(C) ₹ 4,76,000 (D) ₹ 7,76,000

15. (क) सोना, मोना तथा राघव एक फर्म में साझेदार थे तथा 4 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे। राघव सेवानिवृत्त हो गया। संचयों तथा परिसंपत्तियों एवं देयताओं के पुनर्मूल्यांकन संबंधी आवश्यक समायोजनों को करने के पश्चात राघव के पूँजी खाते का शेष ₹ 2,20,000 था। सोना तथा मोना उसके दावे के पूर्ण निपटान में उसे ₹ 4,00,000 का भुगतान करने के लिए सहमत हो गई। फर्म की ख्याति में राघव का भाग था : *1*

(A) ₹ 2,20,000 (B) ₹ 1,80,000
(C) ₹ 4,00,000 (D) ₹ 40,000

अथवा

(ख) गिरी तथा श्याम एक फर्म में साझेदार थे तथा 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे। उनकी पूँजी क्रमश: ₹ 1,60,000 तथा ₹ 1,00,000 थी। हेमा को फर्म के लाभ में $\frac{1}{5}$ भाग के लिए साझेदार बनाया गया। हेमा अपनी पूँजी के रूप में ₹ 1,50,000 लाई। हेमा के प्रवेश पर फर्म की ख्याति थी : *1*

(A) ₹ 4,10,000 (B) ₹ 7,50,000
(C) ₹ 3,40,000 (D) ₹ 2,50,000

16. शर्मा, वर्मा तथा खान एक फर्म में साझेदार थे तथा 2 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे। फर्म अपने खाते प्रति वर्ष 31 मार्च को बंद करती है। 31 दिसंबर, 2024 को खान की मृत्यु हो गई। उसकी मृत्यु के समय तक फर्म के लाभों में खान के भाग की गणना पिछले वर्ष के लाभ के आधार पर की जाएगी। 31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वर्ष में फर्म का लाभ ₹ 6,00,000 था। मृत्यु की तिथि तक फर्म के लाभों में खान के भाग का लेखांकन होगा : *1*

(A) खान का पूँजी खाता ₹ 90,000 से डेबिट किया जाएगा तथा लाभ-हानि उचंति खाता ₹ 90,000 से क्रेडिट किया जाएगा।

(B) लाभ-हानि उचंति खाता ₹ 90,000 से डेबिट किया जाएगा तथा खान का पूँजी खाता ₹ 90,000 से क्रेडिट किया जाएगा।

(C) खान का पूँजी खाता ₹ 1,20,000 से डेबिट किया जाएगा तथा लाभ-हानि उचंति खाता ₹ 1,20,000 से क्रेडिट किया जाएगा।

(D) लाभ-हानि उचंति खाता ₹ 1,20,000 से डेबिट किया जाएगा तथा खान का पूँजी खाता ₹ 1,20,000 से क्रेडिट किया जाएगा।

14. Uma and Veena were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 4 : 5. On 1st April, 2024 they decided to admit Usha as a new partner for $\frac{1}{4}$th share in the profits of the firm. On Usha's admission it was decided that the goodwill of the firm will be valued equal to the previous year's profit. The profit for the year ended 31st March, 2024 were ₹ 5,76,000. However, to arrive at this profit, both the opening stock and closing stock were overvalued by ₹ 50,000. The goodwill of the firm will be : *1*

(A) ₹ 5,76,000 (B) ₹ 6,76,000
(C) ₹ 4,76,000 (D) ₹ 7,76,000

15. (a) Sona, Mona and Raghav were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 4 : 3 : 2. Raghav retired. The balance in Raghav's capital account after making the necessary adjustments on account of reserves and revaluation of assets and liabilities was ₹ 2,20,000. Sona and Mona agreed to pay him ₹ 4,00,000 in full settlement of his claim. Raghav's share of goodwill in the firm was : *1*

(A) ₹ 2,20,000 (B) ₹ 1,80,000
(C) ₹ 4,00,000 (D) ₹ 40,000

OR

(b) Giri and Shyam were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 2. Their capitals were ₹ 1,60,000 and ₹ 1,00,000 respectively. Hema was admitted for $\frac{1}{5}$th share in the profits of the firm. Hema brought ₹ 1,50,000 as her capital. The goodwill of the firm on Hema's admission was : *1*

(A) ₹ 4,10,000 (B) ₹ 7,50,000
(C) ₹ 3,40,000 (D) ₹ 2,50,000

16. Sharma, Verma and Khan were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 2 : 2 : 1. The firm closes its books on 31st March every year. On 31st December, 2024 Khan died. Khan's share in the profits of the firm till the date of his death was to be calculated on the basis of the profit of the previous year. During the year ended 31st March, 2024 the firm earned a profit of ₹ 6,00,000. The treatment for Khan's share in the profits of the firm till the date of his death will be : *1*

(A) Khan's Capital Account will be debited by ₹ 90,000 and Profit and Loss Suspense Account will be credited by ₹ 90,000.
(B) Profit and Loss Suspense Account will be debited by ₹ 90,000 and Khan's Capital Account will be credited by ₹ 90,000.
(C) Khan's Capital Account will be debited by ₹ 1,20,000 and Profit and Loss Suspense Account will be credited by ₹ 1,20,000.
(D) Profit and Loss Suspense Account will be debited by ₹ 1,20,000 and Khan's Capital Account will be credited by ₹ 1,20,000.

17. 1 अप्रैल, 2023 को जैन तथा गुप्ता ने क्रमश: ₹ 15,00,000 तथा ₹ 12,00,000 की स्थायी पूँजी के साथ एक साझेदारी फर्म आरंभ की। उन्होंने 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि विभाजित करने का निर्णय लिया। 1 जुलाई, 2023 को जैन ने अपनी पूँजी से ₹ 1,00,000 का आहरण किया तथा गुप्ता ने ₹ 2,00,000 की अतिरिक्त पूँजी लगाई। साझेदारी संलेख में पूँजी पर 10% वार्षिक दर से ब्याज का प्रावधान था। वर्ष के दौरान अपने व्यक्तिगत उपयोग के लिए जैन ने ₹ 50,000 तथा गुप्ता ने ₹ 60,000 का आहरण किया। आहरण पर 18% वार्षिक दर से ब्याज प्रभारित किया जाना था। 31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वर्ष के लिए लाभ-हानि विनियोजन खाता तैयार करने के पश्चात जैन तथा गुप्ता के चालू खातों में उनके विभाज्य लाभ के भाग के रूप में क्रमश: ₹ 72,000 तथा ₹ 48,000 क्रेडिट किए गए।

जैन तथा गुप्ता के चालू खाते तैयार कीजिए। *3*

18. (क) अमन, राज तथा सुरेश एक फर्म में साझेदार थे तथा 5 : 3 : 8 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे। सुरेश को प्रति वर्ष न्यूनतम ₹ 5,00,000 लाभ की गारंटी दी गई थी। इस कारण हुई किसी भी कमी को अमन तथा राज बराबर-बराबर बाँटेंगे। 31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वर्ष के लिए फर्म का शुद्ध लाभ ₹ 8,00,000 था।

31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वर्ष के लिए अमन, राज तथा सुरेश का लाभ-हानि विनियोजन खाता तैयार कीजिए। *3*

अथवा

(ख) जय तथा विजय एक फर्म में साझेदार थे तथा 7 : 3 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे। उनकी स्थायी पूँजी क्रमश: ₹ 9,00,000 तथा ₹ 7,00,000 थी। साझेदारी संलेख में पूँजी पर 8% वार्षिक दर से ब्याज का प्रावधान था। 31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वर्ष के लिए खाते तैयार करने के पश्चात, यह ज्ञात हुआ कि पूँजी पर 9% वार्षिक दर से ब्याज दिया गया।

अपने कार्य को स्पष्टता से दर्शाते हुए, त्रुटि के सुधार के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टि कीजिए। *3*

19. (क) संध्या लिमिटेड ने गुमान लिमिटेड की ₹ 50,00,000 की परिसंपत्तियों तथा ₹ 7,00,000 की देयताओं का अधिग्रहण ₹ 40,00,000 के क्रय प्रतिफल पर किया। गुमान लिमिटेड को क्रय प्रतिफल का भुगतान ₹ 100 प्रत्येक के 9% ऋणपत्रों को 25% प्रीमियम पर निर्गमित करके किया गया।

उपर्युक्त लेनदेनों के लिए संध्या लिमिटेड की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए। *3*

अथवा

(ख) आरआर लिमिटेड की पुस्तकों में निम्नलिखित स्थितियों में ऋणपत्रों के निर्गमन के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए : *3*

(i) ₹ 100 प्रत्येक के 9,000, 9% ऋणपत्रों का निर्गमन 10% बट्टे पर किया गया, जिनका शोधन 5 वर्षों के पश्चात 5% प्रीमियम पर किया जाएगा।

(ii) ₹ 100 प्रत्येक के 5,000, 11% ऋणपत्रों का निर्गमन 10% प्रीमियम पर किया गया, जिनका शोधन 5 वर्षों के पश्चात 5% प्रीमियम पर किया जाएगा।

17. On 1st April, 2023, Jain and Gupta started a partnership firm with fixed capitals of ₹ 15,00,000 and ₹ 12,00,000 respectively. They decided to share profits and losses in the ratio of 3 : 2. On 1st July, 2023, Jain withdrew ₹ 1,00,000 from this capital and Gupta introduced further capital of ₹ 2,00,000. Partnership deed provided for interest on capital @ 10% p.a. During the year Jain withdrew ₹ 50,000 and Gupta withdrew ₹ 60,000 for their personal use. Interest on drawings was to be charged @ 18% p.a. After preparing Profit and Loss Appropriation Account for the year ended 31st March, 2024, ₹ 72,000 and ₹ 48,000 were credited respectively to the current accounts of Jain and Gupta as their share of divisible profit.

Prepare Current Accounts of Jain and Gupta. *3*

18. (a) Aman, Raj and Suresh were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 5 : 3 : 8. Suresh was guaranteed a minimum profit of ₹ 5,00,000 per year. Any deficiency on this account was to be borne by Aman and Raj equally. The net profit of the firm for the year ended 31st March, 2024 was ₹ 8,00,000.

Prepare Profit and Loss Appropriation Account of Aman, Raj and Suresh for the year ended 31st March, 2024. *3*

OR

(b) Jay and Vijay were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 7 : 3. Their respective fixed capitals were ₹ 9,00,000 and ₹ 7,00,000. The partnership deed provided for interest on capital @ 8% per annum. After preparing the accounts for the year ended 31st March, 2024, it was discovered that interest on capital was allowed @ 9% per annum.

Showing your workings clearly, pass the necessary journal entry to rectify the error. *3*

19. (a) Sandhya Ltd. took over the assets of ₹ 50,00,000 and liabilities of ₹ 7,00,000 of Guman Ltd. for purchase consideration of ₹ 40,00,000. The payment of purchase consideration was made by issue of 9% debentures of ₹ 100 each at a premium of 25% to Guman Ltd.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of Sandhya Ltd. *3*

OR

(b) Pass necessary journal entries in the books of RR Ltd. for issue of debentures in the following cases : *3*

(i) Issued 9,000, 9% debentures of ₹ 100 each at a discount of 10%, redeemable at a premium of 5% after 5 years.

(ii) Issued 5,000, 11% debentures of ₹ 100 each at a premium of 10%, redeemable at a premium of 5% after 5 years.

20. जीवन तथा कवि एक फर्म में साझेदार थे तथा उनकी पूँजी क्रमश: ₹ 12,00,000 तथा ₹ 15,00,000 थी। प्रत्येक साझेदार का वार्षिक वेतन ₹ 2,00,000 था। बाज़ार की ब्याज दर 10% थी। पिछले तीन वर्षों के दौरान लाभ ₹ 8,00,000, ₹ 9,00,000 तथा ₹ 7,00,000 थे। फर्म की ख्याति का मूल्यांकन पिछले तीन वर्षों के औसत अधिलाभ के दो वर्षों के क्रय के आधार पर करना है।
फर्म की ख्याति की गणना कीजिए। *3*

21. जेके लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के 6,000 समता अंशों को, जिन्हें ₹ 2 प्रति अंश प्रीमियम पर निर्गमित किया गया था, ₹ 2 प्रति अंश की प्रथम याचना का भुगतान न करने पर हरण कर लिया। ₹ 2 प्रति अंश की दूसरी तथा अंतिम याचना अभी तक माँगी नहीं गई थी। हरण किए गए अंशों को ₹ 3 प्रति अंश के बट्टे पर पूर्ण प्रदत्त पुन: निर्गमित कर दिया गया।
कंपनी की पुस्तकों में उपर्युक्त लेनदेन की आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए। 'अंश हरण खाता' भी तैयार कीजिए। *4*

22. चाँदनी, भानु तथा गरिमा एक फर्म में साझेदार थीं तथा 5 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करती थीं। फर्म प्रति वर्ष अपने खाते 31 मार्च को बंद करती है। 1 अक्टूबर, 2024 को चाँदनी की मृत्यु हो गई। उस तिथि को उसका पूँजी खाता ₹ 3,00,000 का क्रेडिट शेष दर्शा रहा था। चाँदनी की मृत्यु की तिथि को फर्म के पास ₹ 60,000 का सामान्य संचय था। साझेदारी संलेख में प्रावधान था कि किसी भी साझेदार की मृत्यु पर उसके निष्पादक निम्नलिखित के हकदार होंगे :

(i) पूँजी खाते का शेष तथा उस पर 10% वार्षिक दर से ब्याज।

(ii) फर्म की ख्याति में उसका भाग। चाँदनी की मृत्यु पर फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 1,20,000 पर किया गया।

(iii) फर्म के लाभों में उसके भाग की गणना पिछले वर्ष के लाभ के आधार पर की जाएगी। 31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वर्ष के लिए फर्म का लाभ ₹ 4,50,000 था।

उसके निष्पादकों को प्रस्तुत करने के लिए चाँदनी का पूँजी खाता तैयार कीजिए। *4*

23. (क) डीडीजी लिमिटेड ने ₹ 75 प्रत्येक के 75,000 समता अंशों को ₹ 25 प्रति अंश के प्रीमियम पर निर्गमित करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए। राशि का भुगतान निम्नलिखित प्रकार से देय था :

आवेदन तथा आबंटन पर	–	₹ 40 प्रति अंश
प्रथम एवं अंतिम याचना पर	–	शेष (प्रीमियम सहित)

1,25,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए। 25,000 अंशों के आवेदनों को रद्द कर दिया गया तथा आवेदन राशि वापस कर दी गई। शेष आवेदकों को आनुपातिक आधार पर अंशों का आबंटन कर दिया गया।

आवेदनों पर प्राप्त अतिरिक्त राशि का समायोजन प्रथम एवं अंतिम याचना पर देय राशि में कर लिया गया। गोविंद, जिसे 1,500 अंशों का आबंटन किया गया था, प्रथम एवं अंतिम याचना राशि का भुगतान करने में असफल रहा। नमिता भी, जिसने 2,000 अंशों के लिए आवेदन किया था, प्रथम एवं अंतिम याचना राशि का भुगतान करने में असफल रही। गोविंद तथा नमिता दोनों के अंशों का हरण कर लिया गया।

डीडीजी लिमिटेड की पुस्तकों में उपर्युक्त लेनदेनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए। *6*

अथवा

20. Jeevan and Kavi were partners in a firm with capitals of ₹ 12,00,000 and ₹ 15,00,000 respectively. Annual salary of the partners was ₹ 2,00,000 each. The market rate of interest was 10%. During the previous three years the profits were ₹ 8,00,000, ₹ 9,00,000 and ₹ 7,00,000. The goodwill of the firm is to be valued at 2 years' purchase of the last 3 years' average super profits.

Calculate the goodwill of the firm. *3*

21. JK Ltd. forfeited 6,000 equity shares of ₹ 10 each issued at a premium of ₹ 2 per share for the non-payment of first call of ₹ 2 per share. The second and final call of ₹ 2 per share had not yet been made. The forfeited shares were reissued at a discount of ₹ 3 per share fully paid up.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of the company. Also prepare 'Share Forfeiture Account'. *4*

22. Chandni, Bhanu and Garima were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 5 : 3 : 2. The firm closes its books on 31st March every year. On 1st October, 2024, Chandni died. On that date her capital account showed a credit balance of ₹ 3,00,000. On the date of Chandni's death, the firm had a general reserve of ₹ 60,000. The partnership deed provided that on the death of a partner, her representatives will be entitled to the following :

(i) Balance in the capital account and interest on the same @ 10% p.a.

(ii) Her share in the goodwill of the firm. The goodwill of the firm on Chandni's death was valued at ₹ 1,20,000.

(iii) Her share in the profits of the firm to be calculated on the basis of the previous year's profit. The profit of the firm for the year ended 31st March, 2024 was ₹ 4,50,000.

Prepare Chandni's Capital Account to be presented to her executors. *4*

23. (a) DDG Ltd. invited applications for issuing 75,000 equity shares of ₹ 75 each at a premium of ₹ 25 per share. The amount was payable as follows :

On Application and Allotment – ₹ 40 per share

On First and Final Call – Balance (including premium)

Applications for 1,25,000 shares were received. Applications for 25,000 shares were rejected and the application money was refunded. Shares were allotted to the remaining applicants on pro-rata basis.

Excess money received with applications was adjusted towards sums due on first and final call. Govind, to whom 1,500 shares were allotted, failed to pay the first and final call. Namita, who had applied for 2,000 shares, also failed to pay the first and final call. Shares of both Govind and Namita were forfeited.

Pass the necessary journal entries for the above transactions in the books of DDG Ltd. *6*

OR

(ख) करन लिमिटेड ने ₹ 80 प्रत्येक के 80,000 समता अंशों को सममूल्य पर निर्गमित करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए। राशि का भुगतान निम्नलिखित प्रकार से देय था :

आवेदन तथा आबंटन पर – ₹ 30 प्रति अंश

प्रथम एवं अंतिम याचना पर – शेष

1,40,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए। 20,000 अंशों के लिए आवेदनों को रद्द कर दिया गया तथा राशि वापस कर दी गई। शेष आवेदकों को आनुपातिक आधार पर अंशों का आबंटन कर दिया गया। आवेदनों पर प्राप्त अतिरिक्त राशि का समायोजन प्रथम एवं अंतिम याचना पर देय राशि में कर लिया गया। रवि, जिसने 1,200 अंशों के लिए आवेदन किया था, अपनी पूरी अंश राशि का भुगतान आवेदन के साथ कर दिया। चमन, जिसे 2,400 अंश आबंटित किए गए थे, प्रथम तथा अंतिम याचना का भुगतान करने में असफल रहा। चमन के अंशों का हरण कर लिया गया।

करन लिमिटेड की पुस्तकों में उपर्युक्त लेनदेनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए। जहाँ भी आवश्यक हो 'अदत्त-याचना खाता' तथा 'अग्रिम-याचना खाता' खोलिए। *6*

24. (क) रतन, सिंह तथा शर्मा एक फर्म में साझेदार थे तथा 2 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे। 31 मार्च, 2024 को उनका स्थिति विवरण निम्नलिखित प्रकार से था :

31 मार्च, 2024 को रतन, सिंह तथा शर्मा का स्थिति विवरण

देयताएँ		राशि (₹)	परिसम्पत्तियाँ		राशि (₹)
लेनदार		90,000	बैंक		65,000
अदत्त मज़दूरी		10,000	स्टॉक		1,50,000
सामान्य संचय		3,00,000	देनदार	90,000	
पूँजी :			घटा : संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान	5,000	85,000
रतन	3,60,000		संयंत्र एवं मशीनरी		2,50,000
सिंह	2,40,000		भूमि तथा भवन		4,50,000
शर्मा	1,00,000	7,00,000	लाभ-हानि खाता		1,00,000
		11,00,000			11,00,000

(b) Karan Ltd. invited applications for issuing 80,000 equity shares of ₹ 80 each at par. The amount was payable as follows :

On Application and Allotment – ₹ 30 per share

On First and Final Call – Balance

Applications for 1,40,000 shares were received. Applications for 20,000 shares were rejected and the money was refunded. Shares were allotted on pro-rata basis to the remaining applicants. Excess money received with applications was adjusted towards sums due on first and final call. Ravi, who had applied for 1,200 shares, paid his entire share money along with his application. Chaman, to whom 2,400 shares were allotted, failed to pay the first and final call. Chaman's shares were forfeited.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of Karan Ltd. Open 'Calls-in-Arrears Account' and 'Calls-in-Advance Account', wherever necessary. *6*

24. (a) Ratan, Singh and Sharma were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 2 : 2 : 1. Their Balance Sheet on 31st March, 2024 was as follows :

Balance Sheet of Ratan, Singh and Sharma as at 31st March, 2024

Liabilities		Amount (₹)	Assets		Amount (₹)
Creditors		90,000	Bank		65,000
Outstanding Wages		10,000	Stock		1,50,000
General Reserve		3,00,000	Debtors	90,000	
Capitals :			Less : Provision for Doubtful Debts	5,000	85,000
Ratan	3,60,000		Plant and Machinery		2,50,000
Singh	2,40,000		Land and Building		4,50,000
Sharma	1,00,000	7,00,000	Profit and Loss A/c		1,00,000
		11,00,000			11,00,000

1 अप्रैल, 2024 को शर्मा निम्नलिखित शर्तों पर फर्म से सेवानिवृत्त हो गया :

(i) संयंत्र एवं मशीनरी का ₹ 2,00,000 पर पुनर्मूल्यांकन किया गया।

(ii) भूमि तथा भवन का मूल्य ₹ 49,500 से बढ़ाया जाएगा तथा डूबत ऋणों के लिए प्रावधान को देनदारों के 5% पर रखा जाएगा।

(iii) फर्म की ख्याति में शर्मा के भाग का मूल्यांकन ₹ 60,000 किया गया तथा सेवानिवृत्त साझेदार का भाग शेष साझेदारों के पूँजी खातों द्वारा समायोजित किया गया।

(iv) शर्मा को रतन और सिंह द्वारा लाए गए नगद में से इस तरह भुगतान किया गया कि उनकी पूँजी उनके नए लाभ विभाजन अनुपात में हो जाए।

पुनर्मूल्यांकन खाता तथा साझेदारों के पूँजी खाते तैयार कीजिए। *6*

अथवा

(ख) मिता तथा विहान एक फर्म में साझेदार थे तथा 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे। 31 मार्च, 2024 को उनका स्थिति विवरण निम्नलिखित प्रकार से था :

31 मार्च, 2024 को मिता तथा विहान का स्थिति विवरण

देयताएँ		राशि (₹)	परिसम्पत्तियाँ		राशि (₹)
विभिन्न लेनदार		2,00,000	नगद		50,000
पूँजी :			विविध देनदार	2,00,000	
मिता	4,00,000		घटा : संदिग्ध ऋणों		
विहान	3,00,000	7,00,000	के लिए प्रावधान	7,000	1,93,000
			स्टॉक		2,50,000
			संयंत्र एवं मशीनरी		3,50,000
			एकस्व (पेटेंट्स)		57,000
		9,00,000			9,00,000

On 1st April, 2024 Sharma retired from the firm on the following terms :

(i) Plant and Machinery is revalued at ₹ 2,00,000.

(ii) Land and Building was to be appreciated by ₹ 49,500 and provision for bad debts will be maintained at 5% of the debtors.

(iii) Sharma's share in the goodwill of the firm was valued at ₹ 60,000 and the retiring partner's share was adjusted through the capital accounts of remaining partners.

(iv) Sharma was paid in cash brought by Ratan and Singh in such a way so as to make their capitals proportionate to their new profit sharing ratio.

Prepare Revaluation Account and Partners' Capital Accounts. *6*

OR

(b) Mita and Vihaan were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 2. On 31st March, 2024 their Balance Sheet was as follows :

Balance Sheet of Mita and Vihaan as at 31st March, 2024

Liabilities		Amount (₹)	Assets		Amount (₹)
Sundry Creditors		2,00,000	Cash		50,000
			Sundry Debtors	2,00,000	
Capitals :			Less : Provision for doubtful debts	7,000	1,93,000
Mita	4,00,000		Stock		2, 50,000
Vihaan	3,00,000	7,00,000	Plant and Machinery		3,50,000
			Patents		57,000
		9,00,000			9,00,000

उपर्युक्त तिथि को उन्होंने फर्म के लाभों में $\frac{4}{15}$ भाग के लिए ज़ैन को निम्नलिखित शर्तों पर एक नया साझेदार बनाया :

(i) ज़ैन अपनी पूँजी के रूप में ₹ 3,00,000 तथा ख्याति प्रीमियम का अपना भाग नगद लाएगा । ज़ैन के प्रवेश पर फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 4,12,500 पर किया गया।

(ii) डूबत ऋणों के लिए प्रावधान को देनदारों का 5% रखा जाएगा।

(iii) स्टॉक का ₹ 2,00,000, संयंत्र तथा मशीनरी का ₹ 4,00,000 तथा एकस्व (पेटेंट्स) का ₹ 1,20,000 पर मूल्यांकन किया जाएगा।

(iv) माल क्रय का ₹ 30,000 का एक बिल था जिसका लेखा पुस्तकों में करना भूल गए।

ज़ैन के प्रवेश पर उपर्युक्त लेनदेनों के लिए फर्म की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए। *6*

25. ललित तथा मदन एक फर्म में साझेदार थे तथा 7 : 3 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे। 31 मार्च, 2024 को उनकी फर्म का विघटन हो गया। विविध परिसंपत्तियों (नगद को छोड़कर) तथा तृतीय पक्ष देयताओं को वसूली खाते में हस्तांतरण करने के पश्चात निम्नलिखित लेनदेन हुए :

(i) फर्म के पास ₹ 2,00,000 का स्टॉक था। इस स्टॉक का 40%, ₹ 1,00,000 के एक लेनदार ने अपने दावे के पूर्ण निपटान में ले लिया। शेष स्टॉक को 10% की हानि पर बेच दिया गया।

(ii) शेष लेनदारों को ₹ 2,10,000 का भुगतान कर दिया गया।

(iii) ₹ 5,00,000 के संयंत्र तथा मशीनरी को श्रीमती मदन ने ₹ 5,40,000 के अपने ऋण के निपटान में ले लिया।

(iv) ₹ 3,50,000 के देनदारों को एक ऋण एकत्रण एजेंसी को बेच दिया गया जिसने ₹ 25,000 कमीशन लिया।

(v) ₹ 1,00,000 के निवेशों को साझेदारों ने अपने लाभ विभाजन अनुपात में ले लिया।

(vi) विघटन व्यय ₹ 8,000 थे।

फर्म की पुस्तकों में उपर्युक्त लेनदेनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए। *6*

On the above date, Zen was admitted as a new partner for $\frac{4}{15}^{th}$ share in the profits on the following terms :

(i) Zen will bring ₹ 3,00,000 as his capital and his share of goodwill premium in cash. On Zen's admission, goodwill of the firm was valued at ₹ 4,12,500.

(ii) The provision for bad debts will be maintained at 5% of the debtors.

(iii) Stock will be valued at ₹ 2,00,000, plant and machinery at ₹ 4,00,000 and patents at ₹ 1,20,000.

(iv) There was a bill of ₹ 30,000 for goods purchased which was omitted from the books.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of the firm on Zen's admission. *6*

25. Lalit and Madan were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 7 : 3. On 31st March, 2024 their firm was dissolved. After transferring sundry assets (other than cash) and third party liabilities to Realisation Account, the following transactions took place :

(i) The firm had stock of ₹ 2,00,000. 40% of this stock was taken over by a creditor of ₹ 1,00,000 in full settlement of his claim. The remaining stock was sold at a loss of 10%.

(ii) The remaining creditors were paid ₹ 2,10,000.

(iii) Plant and Machinery of ₹ 5,00,000 were accepted by Mrs. Madan against the settlement of her loan of ₹ 5,40,000.

(iv) Debtors of ₹ 3,50,000 were sold to a debt collection agency who charged a commission of ₹ 25,000.

(v) Investments of ₹ 1,00,000 were taken over by the partners in their profit sharing ratio.

(vi) Expenses of dissolution were ₹ 8,000.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of the firm. *6*

26. 31 मार्च, 2024 को जय लिमिटेड के स्थिति विवरण से निम्नलिखित सूचना उद्धृत की गई :

31 मार्च, 2024 को जय लिमिटेड का स्थिति विवरण

विवरण	नोट सं.	राशि (₹)
I – **समता एवं देयताएँ** :		
1 अंशधारक निधियाँ		
(क) अंश पूँजी	1	71,80,000

खातों के नोट्स

नोट सं.	विवरण	राशि (₹)	राशि (₹)
1	अधिकृत पूँजी		
	₹ 100 प्रत्येक के 1,00,000 समता अंश		1,00,00,000
	निर्गमित पूँजी		
	₹ 100 प्रत्येक के 75,000 समता अंश		75,00,000
	अभिदत्त पूँजी		
	अभिदत्त तथा पूर्ण प्रदत्त		
	₹ 100 प्रत्येक के 71,000 समता अंश		71,00,000
	अभिदत्त परन्तु पूर्ण प्रदत्त नहीं		
	₹ 100 प्रत्येक के 1,000 समता अंश	1,00,000	
	घटा : अदत्त याचना	(20,000)	80,000
			71,80,000

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) जनता को अभिदान के लिए प्रस्तुत किए गए कुल अंशों की संख्या है : *1*

(A) 71,000

(B) 70,400

(C) 70,000

(D) 75,000

26. The following information has been obtained from the Balance Sheet of Jay Ltd. as at 31st March, 2024 :

Balance Sheet of Jay Ltd. as at 31st March, 2024

Particulars	Note No.	Amount (₹)
I – Equity and Liabilities :		
1 Shareholders' Funds		
(a) Share Capital	1	71,80,000

Notes to Accounts :

Note No.	Particulars	Amount (₹)	Amount (₹)
1	Authorised capital		
	1,00,000 Equity Shares of ₹ 100 each		1,00,00,000
	Issued capital		
	75,000 Equity Shares of ₹ 100 each		75,00,000
	Subscribed capital		
	Subscribed and fully paid up 71,000 Equity Shares of ₹ 100 each		71,00,000
	Subscribed but not fully paid up		
	1,000 Equity Shares of ₹ 100 each	1,00,000	
	Less : Calls in Arrears	(20,000)	80,000
			71,80,000

Answer the following questions :

(i) The total number of shares offered to the public for subscription are : *1*

(A) 71,000

(B) 70,400

(C) 70,000

(D) 75,000

(ii) कंपनी की अनिर्गमित अंश पूँजी की राशि है : *1*

(A) ₹ 25,00,000

(B) ₹ 29,00,000

(C) ₹ 29,60,000

(D) ₹ 20,32,000

(iii) कंपनी की अभिदत्त पूँजी है : *1*

(A) ₹ 71,80,000

(B) ₹ 71,00,000

(C) ₹ 80,00,000

(D) ₹ 1,00,00,000

(iv) कंपनी की पंजीकृत पूँजी है : *1*

(A) ₹ 71,80,000

(B) ₹ 80,00,000

(C) ₹ 1,00,00,000

(D) ₹ 71,00,000

(v) 'अभिदत्त लेकिन पूर्ण प्रदत्त नहीं पूँजी' के अन्तर्गत दर्शाए गए अंशों पर प्रति अंश प्राप्त नहीं की गई राशि है : *1*

(A) ₹ 100 (B) ₹ 20

(C) ₹ 1,000 (D) ₹ 80,000

(vi) यदि 'अभिदत्त लेकिन पूर्ण प्रदत्त नहीं पूँजी' के अन्तर्गत दर्शाए गए अंशों का हरण कर लिया जाता है, तो 'अंश हरण खाता' दर्शाएगा : *1*

(A) ₹ 20,000

(B) ₹ 80,000

(C) ₹ 1,00,000

(D) ₹ 71,00,000

(ii) The amount of unissued share capital of the company is : *1*

(A) ₹ 25,00,000

(B) ₹ 29,00,000

(C) ₹ 29,60,000

(D) ₹ 20,32,000

(iii) The subscribed capital of the company is : *1*

(A) ₹ 71,80,000

(B) ₹ 71,00,000

(C) ₹ 80,00,000

(D) ₹ 1,00,00,000

(iv) The registered capital of the company is : *1*

(A) ₹ 71,80,000

(B) ₹ 80,00,000

(C) ₹ 1,00,00,000

(D) ₹ 71,00,000

(v) The amount per share not received on the shares shown under 'subscribed but not fully paid up capital' is : *1*

(A) ₹ 100 (B) ₹ 20

(C) ₹ 1,000 (D) ₹ 80,000

(vi) If the shares shown under 'subscribed but not fully paid up capital' are forfeited, 'Share Forfeiture Account' will appear at : *1*

(A) ₹ 20,000

(B) ₹ 80,000

(C) ₹ 1,00,000

(D) ₹ 71,00,000

भाग ख

विकल्प – I

(वित्तीय विवरणों का विश्लेषण)

27. (क) वह विवरण जो एक फर्म या दो फर्मों के बीच समय की एक अवधि में वित्तीय विवरणों की सभी मदों में पूर्ण तथा प्रतिशत रूप से परिवर्तन को दर्शाता है, _____ कहलाता है। *1*

(A) सामान्य आकार विवरण

(B) तुलनात्मक विवरण

(C) रोकड़ प्रवाह विवरण

(D) वित्तीय विवरण

अथवा

(ख) _____ अनुपात व्यवसाय की क्रियान्वित गतिविधियों की गति को दर्शाते हैं। *1*

(A) तरलता (B) ऋणशोधन क्षमता

(C) लाभप्रदता (D) आवर्त

28. मैगनम लिमिटेड का चालू अनुपात 2·5 : 1 है। निम्नलिखित में से किस लेनदेन के परिणामस्वरूप इस अनुपात में कमी होगी ? *1*

Time allowed : 3 hours *Maximum Marks : 80*

सामान्य निर्देश :

निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :

(i) *इस प्रश्न-पत्र में* ***34*** *प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

(ii) *यह प्रश्न-पत्र* ***दो*** *भागों में विभाजित है — **भाग क** तथा **भाग ख** ।*

(iii) ***भाग क*** *सभी परीक्षार्थियों के लिए **अनिवार्य** है ।*

(iv) ***भाग ख*** *के दो विकल्प हैं । परीक्षार्थियों को केवल **एक** ही विकल्प के प्रश्नों के उत्तर लिखने हैं ।*

विकल्प I : वित्तीय विवरणों का विश्लेषण

विकल्प II : अभिकलित्र लेखांकन

(v) *प्रश्न संख्या* ***1*** *से* ***16*** *(भाग क) तथा प्रश्न संख्या* ***27*** *से* ***30*** *(भाग ख) बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न* ***1*** *अंक का है ।*

(vi) *प्रश्न संख्या* ***17*** *से* ***20*** *(भाग क) तथा प्रश्न संख्या* ***31*** *और* ***32*** *(भाग ख) लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न* ***3*** *अंकों का है ।*

(vii) *प्रश्न संख्या* ***21, 22*** *(भाग क) तथा प्रश्न संख्या* ***33*** *(भाग ख) दीर्घ-उत्तरीय प्रकार-I के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न* ***4*** *अंकों का है ।*

(viii) *प्रश्न संख्या* ***23*** *से* ***26*** *(भाग क) तथा प्रश्न संख्या* ***34*** *(भाग ख) दीर्घ-उत्तरीय प्रकार-II के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न* ***6*** *अंकों का है ।*

(ix) *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है । यद्यपि, प्रत्येक भाग के कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का चयन दिया गया है ।*

भाग क
(साझेदारी फर्मों तथा कम्पनियों के लिए लेखांकन)

1. (i) यदि ₹ 100 के एक अंश/शेयर का हरण (forfeit) कर लिया गया है जिस पर ₹ 70 का भुगतान किया जा चुका है, तो इसे कितने न्यूनतम मूल्य पर पुन: निर्गमित किया जा सकता है ? *1*

(A) ₹ 100 (B) ₹ 30

(C) ₹ 70 (D) ₹ 130

अथवा

(ii) यदि ₹ 10 के एक अंश/शेयर का हरण (forfeit) कर लिया गया है जिसे ₹ 2 प्रति अंश/शेयर प्रीमियम पर निर्गमित किया गया था तथा जिस पर ₹ 8 (प्रीमियम सहित) माँगे गए थे तथा अंशधारी/शेयरधारी ने ₹ 6 (प्रीमियम सहित) का भुगतान कर दिया था, तो अंश/शेयर पूँजी खाता नाम होगा : *1*

(A) ₹ 10 से (B) ₹ 4 से

(C) ₹ 8 से (D) ₹ 6 से

General Instructions :

Read the following instructions carefully and follow them :

(i) *This question paper contains **34** questions. **All** questions are **compulsory**.*

(ii) *This question paper is divided into **two** parts — **Part A** and **Part B**.*

(iii) ***Part A** is **compulsory** for all candidates.*

(iv) ***Part B** has two options. Candidates have to attempt only **one** of the given options.*

Option I : Analysis of Financial Statements

Option II : Computerised Accounting

(v) *Questions number **1** to **16** (Part A) and Questions number **27** to **30** (Part B) are multiple choice questions. Each question carries **1** mark.*

(vi) *Questions number **17** to **20** (Part A) and Questions number **31** and **32** (Part B) are short answer type questions. Each question carries **3** marks.*

(vii) *Questions number **21, 22** (Part A) and Question number **33** (Part B) are Long answer type-I questions. Each question carries **4** marks.*

(viii) *Questions number **23** to **26** (Part A) and Question number **34** (Part B) are Long answer type-II questions. Each question carries **6** marks.*

(ix) *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in few questions in each of the parts.*

PART A
(Accounting for Partnership Firms and Companies)

1. (i) If a share of ₹ 100 on which ₹ 70 has been paid is forfeited, then at which minimum price can it be re-issued ? *1*

(A) ₹ 100 (B) ₹ 30

(C) ₹ 70 (D) ₹ 130

OR

(ii) If a share of ₹ 10 issued at a premium of ₹ 2 per share, on which ₹ 8 (including premium) has been called and ₹ 6 (including premium) has been paid by the shareholder, is forfeited, then Share Capital Account will be debited with : *1*

(A) ₹ 10 (B) ₹ 4

(C) ₹ 8 (D) ₹ 6

2. यदि साझेदारों के पूँजी खाते स्थायी हैं, तो निम्नलिखित में से कौन-सी मद का लेखा साझेदारों के पूँजी खातों में ***नहीं*** किया जाएगा ? *1*

(A) आहरण

(B) पूँजी का आहरण

(C) अतिरिक्त पूँजी लगाना

(D) पूँजी का आरम्भिक शेष

3. आशु तथा बासु साझेदार हैं तथा 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते हैं । चेतन को एक नए साझेदार के रूप में लाभ में $\frac{1}{4}$ भाग के लिए प्रवेश दिया गया जो उसने आशु तथा बासु से बराबर-बराबर अनुपात में प्राप्त किया । आशु, बासु तथा चेतन का नया लाभ विभाजन अनुपात होगा : *1*

(A) 13 : 5 : 6 (B) 13 : 2 : 1

(C) 2 : 13 : 5 (D) 1 : 1 : 1

4. (i) 1 जनवरी, 2023 को एक साझेदार अभिषेक ने फर्म को ₹ 3,00,000 का अग्रिम ऋण दिया । साझेदारी समझौते की अनुपस्थिति में 31 मार्च, 2023 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए ऋण पर ब्याज की राशि होगी : *1*

(A) ₹ 18,000

(B) ₹ 4,500

(C) ₹ 9,000

(D) कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा

अथवा

(ii) यदि कोई साझेदार प्रत्येक तिमाही के अन्त में एक निश्चित राशि का आहरण करता है, तो आहरण पर _____ महीनों के लिए ब्याज प्रभारित किया जाएगा । *1*

(A) 9

(B) $7\frac{1}{2}$

(C) 6

(D) $4\frac{1}{2}$

2. Which of the following items ***cannot*** be recorded in the capital account of partners if the capital accounts of partners are fixed ? *1*

(A) Drawings

(B) Withdrawal of capital

(C) Introduction of additional capital

(D) Opening balance of capital

3. Ashu and Basu are partners sharing profits and losses in the ratio of 2 : 1. Chetan is admitted as a new partner with $\frac{1}{4}^{th}$ share in the profits which he acquires equally from Ashu and Basu. The new profit sharing ratio between Ashu, Basu and Chetan will be : *1*

(A) 13 : 5 : 6 (B) 13 : 2 : 1

(C) 2 : 13 : 5 (D) 1 : 1 : 1

4. (i) On 1st January, 2023, Abhishek, a partner, advanced a loan of ₹ 3,00,000 to the firm. In the absence of a partnership agreement, the amount of interest on the loan for the year ending 31st March, 2023 will be : *1*

(A) ₹ 18,000

(B) ₹ 4,500

(C) ₹ 9,000

(D) No interest will be provided

OR

(ii) If a partner withdraws a fixed amount at the end of each quarter, interest on drawings will be charged for _____ months. *1*

(A) 9

(B) $7\frac{1}{2}$

(C) 6

(D) $4\frac{1}{2}$

5. (i) भीम, अर्जुन तथा नकुल एक फर्म में साझेदार थे तथा 4 : 3 : 3 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे । 1 अप्रैल, 2023 से वे लाभों को बराबर-बराबर अनुपात में विभाजित करने पर सहमत हुए । लाभ विभाजन अनुपात में परिवर्तन के कारण अर्जुन का अधिलाभ अथवा त्याग होगा : *1*

(A) $\frac{1}{30}$ त्याग

(B) $\frac{1}{30}$ अधिलाभ

(C) $\frac{1}{15}$ त्याग

(D) $\frac{1}{15}$ अधिलाभ

अथवा

(ii) नीरू तथा मीतू क्रमश: ₹ 2,00,000 तथा ₹ 1,50,000 की पूँजी के साथ एक फर्म में साझेदार हैं । 31 मार्च, 2023 को समाप्त हुए वर्ष में यदि फर्म का अर्जित लाभ ₹ 17,500 है, तो 10% वार्षिक दर से उनकी पूँजी पर ब्याज होगा : *1*

(A) नीरू ₹ 15,000; मीतू ₹ 20,000

(B) नीरू ₹ 8,750; मीतू ₹ 8,750

(C) नीरू ₹ 20,000; मीतू ₹ 15,000

(D) नीरू ₹ 10,000; मीतू ₹ 7,500

6. एक फर्म के विघटन के समय कुल परिसम्पत्तियाँ ₹ 6,00,000 तथा बाह्य देयताएँ ₹ 2,40,000 थीं । यदि परिसम्पत्तियों से ₹ 7,20,000 की वसूली हुई तथा ₹ 8,000 के वसूली व्ययों का भुगतान किया गया, तो वसूली पर लाभ अथवा हानि होगी : *1*

(A) हानि ₹ 1,20,000 (B) लाभ ₹ 1,20,000

(C) हानि ₹ 1,12,000 (D) लाभ ₹ 1,12,000

7. 1 अप्रैल, 2022 को मेगा लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 30,000, 10% ऋणपत्रों का निर्गमन 10% बट्टे पर किया । 31 मार्च, 2023 को समाप्त होने वाले वर्ष में ऋणपत्रों पर देय ब्याज की कुल राशि होगी : *1*

(A) ₹ 2,70,000 (B) ₹ 3,00,000

(C) ₹ 27,000 (D) ₹ 30,000

5. (i) Bhim, Arjun and Nakul were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 4 : 3 : 3. With effect from 1st April, 2023, they agreed to share profits equally. Due to change in the profit sharing ratio, Arjun's gain or sacrifice will be : *1*

(A) Sacrifice $\frac{1}{30}$

(B) Gain $\frac{1}{30}$

(C) Sacrifice $\frac{1}{15}$

(D) Gain $\frac{1}{15}$

OR

(ii) Neeru and Meetu are partners in a firm with capitals of ₹ 2,00,000 and ₹ 1,50,000 respectively. If the firm earned a profit of ₹ 17,500 for the year ended 31st March, 2023, then interest on capital @ 10% p.a. would be : *1*

(A) Neeru ₹ 15,000; Meetu ₹ 20,000

(B) Neeru ₹ 8,750; Meetu ₹ 8,750

(C) Neeru ₹ 20,000; Meetu ₹ 15,000

(D) Neeru ₹ 10,000; Meetu ₹ 7,500

6. At the time of dissolution of a firm, the total assets were ₹ 6,00,000 and outside liabilities were ₹ 2,40,000. If assets realised ₹ 7,20,000 and realisation expenses of ₹ 8,000 were paid, the profit or loss on realisation will be : *1*

(A) Loss ₹ 1,20,000 (B) Profit ₹ 1,20,000

(C) Loss ₹ 1,12,000 (D) Profit ₹ 1,12,000

7. On 1st April, 2022, Mega Ltd. issued 30,000, 10% Debentures of ₹ 100 each at a discount of 10%. The total amount of interest due on debentures for the year ending 31st March, 2023 will be : *1*

(A) ₹ 2,70,000 (B) ₹ 3,00,000

(C) ₹ 27,000 (D) ₹ 30,000

8. (i) किशोर और बिमल एक फर्म में साझेदार हैं तथा 4 : 3 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते हैं । नन्द को लाभों में $\frac{1}{4}$ भाग के लिए फर्म में एक नए साझेदार के रूप में प्रवेश दिया गया । किशोर और बिमल ने निर्णय लिया कि वे भविष्य में लाभ-हानि बराबर-बराबर अनुपात में विभाजित करेंगे । किशोर और बिमल का त्याग अनुपात होगा : *1*

(A) 1 : 1 (B) 4 : 3

(C) 11 : 3 (D) 3 : 11

अथवा

(ii) राजू, सोहन और टीना एक फर्म में साझेदार हैं तथा 2 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते हैं । टीना को लाभ के भाग के रूप में प्रति वर्ष न्यूनतम ₹ 40,000 की गारंटी दी गई । इस कारण हुई किसी भी कमी को राजू द्वारा वहन किया जाएगा । 31 मार्च, 2023 को समाप्त होने वाले वर्ष में यदि फर्म का लाभ ₹ 1,60,000 है, तो राजू द्वारा वहन की जाने वाली कमी होगी : *1*

(A) ₹ 8,000 (B) ₹ 40,000

(C) ₹ 48,000 (D) ₹ 4,000

9. *अभिकथन (A) :* जब साझेदारी का विघटन होता है, तो न्यायालय का हस्तक्षेप नहीं होता ।

कारण (R) : साझेदारी का विघटन साझेदारों के बीच आपसी सहमति द्वारा होता है ।

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

(A) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या है ।

(B) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है ।

(C) अभिकथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है ।

(D) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) ग़लत है ।

10. महाराजा लिमिटेड ने डोलफिन लिमिटेड की ₹ 15,00,000 की परिसम्पत्तियों तथा ₹ 2,00,000 की देयताओं का अधिग्रहण ₹ 12,60,000 के सहमत क्रय मूल्य पर किया । यह सहमति हुई कि क्रय मूल्य का भुगतान ₹ 100 प्रत्येक के 11% ऋणपत्रों को 10% छूट पर निर्गमित करके किया जाएगा । निर्गमित ऋणपत्रों की संख्या होगी : *1*

(A) 13,000 (B) 12,600

(C) 10,000 (D) 14,000

8. (i) Kishore and Bimal are partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 4 : 3. Nand is admitted as a new partner in the firm for $\frac{1}{4}^{th}$ share in the profits. Kishore and Bimal decide to share profits and losses equally in the future. The sacrificing ratio of Kishore and Bimal will be : *1*

(A) 1 : 1 (B) 4 : 3

(C) 11 : 3 (D) 3 : 11

OR

(ii) Raju, Sohan and Tina are partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 2 : 2 : 1. Tina is guaranteed a minimum amount of ₹ 40,000 as share of profit every year. Any deficiency arising on that account shall be borne by Raju. If profit of the firm for the year ended 31st March, 2023 is ₹ 1,60,000, Raju will bear a deficiency of : *1*

(A) ₹ 8,000 (B) ₹ 40,000

(C) ₹ 48,000 (D) ₹ 4,000

9. *Assertion (A) :* The court does not intervene when dissolution of partnership takes place.

Reason (R) : Dissolution of partnership takes place by mutual agreement between the partners.

Choose the correct option from the following : *1*

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is incorrect, but Reason (R) is correct.

(D) Assertion (A) is correct, but Reason (R) is incorrect.

10. Maharaja Ltd. took over assets of ₹ 15,00,000 and liabilities of ₹ 2,00,000 of Dolphin Ltd. for an agreed purchase consideration of ₹ 12,60,000. It was agreed that the purchase consideration will be paid by issuing 11% Debentures of ₹ 100 each at 10% discount. The number of debentures issued will be : *1*

(A) 13,000 (B) 12,600

(C) 10,000 (D) 14,000

11. मीशा लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 6,000, 8% ऋणपत्रों का निर्गमन ₹ 96 प्रति ऋणपत्र पर किया । 8% ऋणपत्र खाते में जमा होंगे : *1*

(A) ₹ 5,76,000 (B) ₹ 24,000

(C) ₹ 6,00,000 (D) ₹ 60,000

12. (i) नामांकित/अधिकृत अंश/शेयर पूँजी है : *1*

(A) अंश/शेयर पूँजी का वह भाग जिसे कम्पनी द्वारा निर्गमित किया गया है ।

(B) अंश/शेयर पूँजी की वह राशि जिसके लिए भावी अंशधारकों/शेयरधारकों द्वारा वास्तव में आवेदन दिए गए हैं ।

(C) अंश/शेयर पूँजी की वह अधिकतम राशि जिसे निर्गमित करने हेतु कम्पनी अधिकृत है ।

(D) अंशधारियों/शेयरधारियों द्वारा वास्तविक रूप में भुगतान की गई राशि ।

अथवा

(ii) ऐसे ऋणपत्र जिनका कम्पनी की परिसम्पत्तियों पर एक विशिष्ट प्रभार नहीं होता, कहलाते हैं : *1*

(A) मोचनीय ऋणपत्र

(B) अरक्षित ऋणपत्र

(C) शून्य कूपन दर ऋणपत्र

(D) अपरिवर्तनीय ऋणपत्र

13. मानस और रनवीर एक फर्म में साझेदार हैं, जिनके पूँजी शेष क्रमश: ₹ 1,20,000 तथा ₹ 80,000 हैं । संजू को फर्म के भावी लाभों में $\frac{1}{5}$ भाग के लिए एक नए साझेदार के रूप में प्रवेश दिया गया । संजू अपनी पूँजी के रूप में ₹ 1,00,000 लाया । संजू के प्रवेश पर फर्म की ख्याति होगी : *1*

(A) ₹ 5,00,000

(B) ₹ 2,00,000

(C) ₹ 3,00,000

(D) ₹ 1,00,000

11. Misha Ltd. issued 6,000, 8% Debentures of ₹ 100 each at ₹ 96 per debenture. 8% Debentures Account will be credited by : *1*

(A) ₹ 5,76,000 (B) ₹ 24,000

(C) ₹ 6,00,000 (D) ₹ 60,000

12. (i) Nominal/Authorised share capital is : *1*

(A) that part of the share capital which is issued by the company.

(B) the amount of share capital which is actually applied for by the prospective shareholders.

(C) the maximum amount of share capital which a company is authorised to issue.

(D) the amount actually paid by the shareholders.

OR

(ii) The debentures which do not have a specific charge on the assets of the company are called : *1*

(A) Redeemable Debentures

(B) Unsecured Debentures

(C) Zero Coupon Rate Debentures

(D) Non-Convertible Debentures

13. Manas and Ranvir are partners in a firm having capital balances of ₹ 1,20,000 and ₹ 80,000 respectively. Sanju is admitted as a new partner in the firm for $\frac{1}{5}^{\text{th}}$ share in future profits. Sanju brought ₹ 1,00,000 as his capital. The goodwill of the firm on Sanju's admission will be : *1*

(A) ₹ 5,00,000

(B) ₹ 2,00,000

(C) ₹ 3,00,000

(D) ₹ 1,00,000

*निम्नलिखित काल्पनिक स्थिति को पढ़िए तथा इसमें दी गई सूचना के आधार पर प्रश्न संख्या **14** तथा **15** के उत्तर दीजिए ।*

विवेक एवं निशा एक फर्म में साझेदार थे तथा 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे । 1 अप्रैल, 2022 को उनकी पूँजी क्रमश: ₹ 8,00,000 तथा ₹ 4,00,000 थी । 1 जुलाई, 2022 को विवेक ₹ 2,00,000 की अतिरिक्त पूँजी लाया । वर्ष के दौरान विवेक का आहरण ₹ 40,000 था, जबकि निशा का आहरण ₹ 80,000 था । साझेदारी समझौते के अनुसार, पूँजी पर 6% वार्षिक दर से ब्याज दिया जाएगा । आहरण पर 5% वार्षिक दर से ब्याज प्रभारित किया जाएगा । 31 मार्च, 2023 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए शुद्ध लाभ की राशि ₹ 6,50,000 थी ।

14. विवेक को देय पूँजी पर ब्याज होगा : *1*

(A) ₹ 48,000 (B) ₹ 60,000

(C) ₹ 57,000 (D) ₹ 24,000

15. निशा के आहरण पर ब्याज की राशि होगी : *1*

(A) ₹ 2,000 (B) ₹ 1,000

(C) ₹ 4,000 (D) ₹ 4,800

16. *अभिकथन (A) :* एक साझेदारी फर्म में नया साझेदार प्रवेश पर पूँजी की एक सहमत राशि नगद या वस्तु रूप में लाता है ।

कारण (R) : एक साझेदारी फर्म में नया साझेदार प्रवेश पर साझेदारी फर्म की परिसम्पत्तियों तथा लाभों में भाग लेने का अधिकार ग्रहण करता है ।

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

(A) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या है ।

(B) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है ।

(C) अभिकथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है ।

(D) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) ग़लत है ।

Read the following hypothetical situation and answer Questions No. ***14*** *and* ***15*** *on the basis of the given information.*

Vivek and Nisha were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 2. On 1st April, 2022, their capitals were ₹ 8,00,000 and ₹ 4,00,000 respectively. On 1st July, 2022, Vivek introduced additional capital of ₹ 2,00,000. During the year, Vivek's drawings were ₹ 40,000 while drawings of Nisha were ₹ 80,000. As per the partnership agreement, interest on capital is allowed @ 6% p.a., interest on drawings will be charged @ 5% p.a. The net profit for the year ended 31st March, 2023 amounted to ₹ 6,50,000.

14. Interest on capital payable to Vivek will be : *1*

(A) ₹ 48,000 (B) ₹ 60,000

(C) ₹ 57,000 (D) ₹ 24,000

15. The amount of interest on drawings of Nisha would be : *1*

(A) ₹ 2,000 (B) ₹ 1,000

(C) ₹ 4,000 (D) ₹ 4,800

16. *Assertion (A) :* In a partnership firm, at the time of admission, the new partner brings in an agreed amount of capital either in cash or in kind.

Reason (R) : In a partnership firm, at the time of admission, the new partner acquires the right to share the assets and the profits of the partnership firm.

Choose the correct option from the following : *1*

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is incorrect, but Reason (R) is correct.

(D) Assertion (A) is correct, but Reason (R) is incorrect.

17. (क) प्रतीक, चारु तथा सिरिमा एक फर्म में साझेदार थे तथा 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभों का विभाजन करते थे । 31 मार्च, 2023 को प्रतीक फर्म से सेवानिवृत्त हो गया । चारु और सिरिमा ने निर्णय लिया कि नई फर्म की पूँजी ₹ 6,30,000 होगी । सेवानिवृत्ति की तिथि को चारु और सिरिमा के पूँजी खाते सभी समायोजनों के पश्चात् क्रमश: ₹ 4,35,000 तथा ₹ 1,89,000 का जमा शेष दर्शा रहे थे । साझेदारों द्वारा फर्म में लाई जाने वाली नगद की वास्तविक राशि अथवा उन्हें भुगतान की जाने वाली नगद राशि की गणना कीजिए । आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ भी कीजिए । *3*

अथवा

(ख) चमन, बर्मन तथा अमन एक फर्म में साझेदार थे तथा 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे । अमन को प्रति वर्ष उसके लाभ के भाग के रूप में न्यूनतम ₹ 60,000 की गारंटी दी गई थी ।

31 मार्च, 2023 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए शुद्ध लाभ की राशि ₹ 1,20,000 थी ।

फर्म की पुस्तकों में साझेदारों के बीच लाभ-विभाजन दर्शाते हुए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *3*

18. अनु, मनु, सोनू तथा रोहन एक फर्म में साझेदार थे तथा 1 : 2 : 1 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे । 1 अप्रैल, 2023 से उन्होंने लाभ-हानि का विभाजन 2 : 4 : 1 : 3 के अनुपात में करने का निर्णय लिया । उनका स्थिति विवरण ₹ 90,000 का सामान्य संचय दर्शा रहा था । फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 4,50,000 किया गया ।

लाभ विभाजन अनुपात में परिवर्तन के कारण उपर्युक्त के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । अपने कार्य को स्पष्टता से दर्शाइए । *3*

19. (क) प्रीति लिमिटेड ने पायल लिमिटेड से ₹ 5,40,000 की परिसम्पत्तियाँ तथा ₹ 1,20,000 की देयताओं का अधिग्रहण ₹ 5,28,000 के क्रय मूल्य पर किया । प्रीति लिमिटेड ने आधी राशि का भुगतान एक चैक द्वारा तथा शेष राशि का भुगतान ₹ 100 प्रत्येक के 10% ऋणपत्रों को 10% प्रीमियम पर निर्गमित करके किया ।

उपर्युक्त लेनदेनों के लिए प्रीति लिमिटेड की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *3*

अथवा

17. (a) Prateek, Charu and Sirima were partners in a firm sharing profits in the ratio of 3 : 2 : 1. Prateek retired from the firm on 31st March, 2023. Charu and Sirima decided that the capital of the new firm will be ₹ 6,30,000. The capital accounts of Charu and Sirima after all adjustments on the date of retirement showed a credit balance of ₹ 4,35,000 and ₹ 1,89,000 respectively. Calculate the amount of actual cash to be brought into the firm or to be paid to the partners. Also pass necessary journal entries. *3*

OR

(b) Chaman, Burman and Aman were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 2 : 1. Aman was guaranteed a minimum amount of ₹ 60,000 as his share of profit every year.
The net profit for the year ended 31st March, 2023 amounted to ₹ 1,20,000.
Pass necessary journal entries in the books of the firm showing the distribution of profit amongst the partners. *3*

18. Anu, Manu, Sonu and Rohan were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 1 : 2 : 1 : 2. With effect from 1st April, 2023, they decided to share profits and losses in the ratio of 2 : 4 : 1 : 3. Their Balance Sheet showed General Reserve of ₹ 90,000. The goodwill of the firm was valued at ₹ 4,50,000.
Pass necessary journal entries for the above on account of change in the profit sharing ratio. Show your working clearly. *3*

19. (a) Priti Ltd. purchased assets worth ₹ 5,40,000 and took over liabilities of ₹ 1,20,000 of Payal Ltd. for a purchase consideration of ₹ 5,28,000. Priti Ltd. paid half the amount by cheque and the balance was settled by issuing 10% Debentures of ₹ 100 each at a premium of 10%.
Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of Priti Ltd. *3*

OR

(ख) धातु लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 4,000, 11% ऋणपत्रों को ₹ 50 प्रति ऋणपत्र प्रीमियम पर निर्गमित करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए । पूरी राशि का भुगतान आवेदन पर देय था । 5,000 ऋणपत्रों के लिए आवेदन प्राप्त हुए । 1,000 ऋणपत्रों के आवेदनों को रद्द कर दिया गया तथा आवेदन राशि वापस कर दी गई । शेष आवेदकों को ऋणपत्रों का आबंटन कर दिया गया ।

धातु लिमिटेड की पुस्तकों में उपर्युक्त लेनदेनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *3*

20. 1 अप्रैल, 2023 को एक साझेदारी फर्म की परिसम्पत्तियाँ ₹ 2,00,000 थीं, जिसमें ₹ 6,000 नगद तथा ₹ 14,000 का बैंक शेष सम्मिलित था । साझेदारों के पूँजी खाते ₹ 1,90,000 का शेष दर्शा रहे थे और बाकी की राशि का संचय था । यदि लाभ की सामान्य प्रतिफल दर 10% है तथा फर्म की ख्याति का मूल्यांकन अधिलाभों के 4 वर्षों के क्रय के आधार पर ₹ 60,000 किया गया है, तो फर्म के औसत लाभों को ज्ञात कीजिए । *3*

21. अदिति, रेनू एवं वर्षा एक फर्म में साझेदार थीं तथा 3 : 2 : 5 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करती थीं । 31 मार्च, 2023 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :

31 मार्च, 2023 को अदिति, रेनू एवं वर्षा का स्थिति विवरण

देयताएँ		राशि ₹	परिसम्पत्तियाँ	राशि ₹
पूँजी :			भवन	6,00,000
अदिति	5,00,000		मशीनरी	3,00,000
रेनू	4,00,000		स्टॉक	1,00,000
वर्षा	3,00,000	12,00,000	पेटेन्ट्स	1,50,000
सामान्य संचय		1,00,000	देनदार	2,50,000
लेनदार		2,00,000	रोकड़	1,00,000
		15,00,000		15,00,000

31 जुलाई, 2023 को वर्षा की मृत्यु हो गई । किसी साझेदार की मृत्यु पर साझेदारी समझौते में निम्न का प्रावधान था :

(b) Dhatu Ltd. invited applications for issuing 4,000, 11% Debentures of ₹ 100 each at a premium of ₹ 50 per debenture. Full amount was payable on application. Applications were received for 5,000 debentures. Applications for 1,000 debentures were rejected and application money was refunded. Debentures were allotted to the remaining applicants.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of Dhatu Ltd. *3*

20. On 1st April, 2023, a partnership firm had assets of ₹ 2,00,000 including cash of ₹ 6,000 and bank balance of ₹ 14,000. The partners' capital accounts showed a balance of ₹ 1,90,000 and reserves constituted the rest. If the normal rate of return is 10% and the goodwill of the firm is valued at ₹ 60,000 at 4 years purchase of super profits, find the average profits of the firm. *3*

21. Aditi, Renu and Varsha were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 2 : 5. On 31st March, 2023 their Balance Sheet was as under :

Balance Sheet of Aditi, Renu and Varsha as at 31st March, 2023

Liabilities		Amount ₹	Assets	Amount ₹
Capitals :			Buildings	6,00,000
Aditi	5,00,000		Machinery	3,00,000
Renu	4,00,000		Stock	1,00,000
Varsha	3,00,000	12,00,000	Patents	1,50,000
General Reserve		1,00,000	Debtors	2,50,000
Creditors		2,00,000	Cash	1,00,000
		15,00,000		15,00,000

Varsha died on 31st July, 2023. The partnership deed provided for the following, on the death of a partner :

(i) पूँजी पर ब्याज 6% वार्षिक दर से दिया जाएगा ।

(ii) फर्म की ख्याति का मूल्यांकन पिछले पाँच वर्षों के औसत लाभों के 3 वर्षों के क्रय के आधार पर किया जाएगा, जो ₹ 90,000 थे ।

(iii) मृत्यु की तिथि तक लाभ अथवा हानि में वर्षा के भाग की गणना विक्रय के आधार पर की जाएगी । 31 मार्च, 2023 को समाप्त होने वाले वर्ष का विक्रय ₹ 60,00,000 था तथा 1 अप्रैल, 2023 से 31 जुलाई, 2023 तक ₹ 15,00,000 था । 31 मार्च, 2023 को समाप्त होने वाले वर्ष का लाभ ₹ 12,00,000 था ।

वर्षा के उत्तराधिकारियों को प्रस्तुत करने के लिए वर्षा का पूँजी खाता तैयार कीजिए । *4*

22. आर आर लिमिटेड ₹ 8,00,000 की अधिकृत पूँजी के साथ पंजीकृत थी, जो ₹ 10 प्रत्येक के 80,000 समता अंशों/शेयरों में विभाजित थी । कम्पनी ने जनता से 40,000 समता अंशों/शेयरों के लिए आवेदन प्रस्तावित किए । प्रति अंश/शेयर राशि निम्न प्रकार से देय थी :

आवेदन पर	–	₹ 5
आबंटन पर	–	₹ 3
प्रथम एवं अंतिम याचना पर	–	शेष

निर्गम पूर्ण रूप से अभिदत्त हुआ तथा सभी देय राशियाँ प्राप्त कर ली गईं केवल सीमा को आबंटित 2,000 अंशों/शेयरों को छोड़कर जिन पर आबंटन तथा याचना राशि नहीं मिली ।

कम्पनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची III, भाग I के अनुसार कम्पनी के स्थिति विवरण में अंश/शेयर पूँजी दर्शाइए । इसके लिए 'खातों के नोट्स' भी तैयार कीजिए । *4*

23. निम्नलिखित लेनदेनों के लिए ऋणपत्रों के निर्गमन पर आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए : *6*

(i) काजल लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 30,000, 11% ऋणपत्रों का निर्गमन 10% बट्टे पर किया, जिनका शोधन 5% प्रीमियम पर किया जाएगा ।

(ii) निन्जा लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 32,000, 8% ऋणपत्रों का निर्गमन ₹ 20 प्रति ऋणपत्र प्रीमियम पर किया, जिनका शोधन ₹ 10 प्रति ऋणपत्र प्रीमियम पर किया जाएगा ।

(iii) हिम लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 40,000, 13% ऋणपत्रों का निर्गमन सममूल्य पर किया, जिनका शोधन 10% प्रीमियम पर किया जाएगा ।

(i) Interest on capital was to be provided @ 6% p.a.

(ii) Goodwill of the firm was to be valued at 3 years purchase of average profits of the previous five years which were ₹ 90,000.

(iii) Varsha's share of profit or loss till the date of death was to be calculated on the basis of sales. Sales for the year ended 31st March, 2023 amounted to ₹ 60,00,000 and that from 1st April, 2023 to 31st July, 2023 amounted to ₹ 15,00,000. The profit for the year ended 31st March, 2023 was ₹ 12,00,000.

Prepare Varsha's Capital Account to be rendered to her executors. *4*

22. RR Ltd. was registered with an authorised capital of ₹ 8,00,000 divided into 80,000 equity shares of ₹ 10 each. The company offered to the public for subscription 40,000 equity shares. The amount per share was payable as follows :

On Application	–	₹ 5
On Allotment	–	₹ 3
On first and final call	–	Balance

The issue was fully subscribed and all amounts due were received except the allotment and call money on 2,000 shares allotted to Seema.

Present the Share Capital in the Balance Sheet of the company as per Schedule III, Part I of the Companies Act, 2013. Also prepare 'Notes to Accounts' for the same. *4*

23. Pass necessary journal entries for issue of debentures for the following transactions : *6*

(i) Kajal Ltd. issued 30,000, 11% Debentures of ₹ 100 each at a discount of 10%, redeemable at a premium of 5%.

(ii) Ninja Ltd. issued 32,000, 8% Debentures of ₹ 100 each at a premium ₹ 20 per debenture, redeemable at a premium of ₹ 10 per debenture.

(iii) Him Ltd. issued 40,000, 13% Debentures of ₹ 100 each at par, redeemable at a premium of 10%.

24. नन्दू, बन्दू तथा चन्दू एक फर्म में साझेदार थे । 31 मार्च, 2023 को उन्होंने फर्म के विघटन का निर्णय लिया । विभिन्न परिसम्पत्तियों (रोकड़ एवं बैंक के अतिरिक्त) तथा बाह्य देयताओं को वसूली खाते में स्थानान्तरित करने के पश्चात् निम्नलिखित लेनदेनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए : *6*

(i) ₹ 1,40,000 के स्टॉक को नन्दू ने 30% बट्टे पर ले लिया ।

(ii) लेनदारों ने जिनका फर्म पर ₹ 40,000 का उधार था, ₹ 4,000 का स्टॉक स्वीकार किया तथा शेष राशि का भुगतान उन्हें चैक निर्गमित करके किया गया ।

(iii) एक पुराना कम्प्यूटर, जिसे पुस्तकों से पूर्ण रूप से अपलिखित कर दिया गया था, को ₹ 4,000 में बेच दिया गया, जबकि उसका अनुमानित बाज़ार मूल्य ₹ 10,000 था ।

(iv) चन्दू ने फर्म को ₹ 1,00,000 का ऋण दिया था, जिसका भुगतान उसे चैक द्वारा कर दिया गया ।

(v) एक देनदार से ₹ 24,000 की प्राप्ति हुई, जिसका खाता पिछले वर्ष डूबत ऋण के रूप में अपलिखित कर दिया गया था ।

(vi) बन्दू को विघटन कार्य की देख-रेख के लिए नियुक्त किया गया, जिसके लिए उसे ₹ 26,000 का पारिश्रमिक देने की अनुमति दी गई । बन्दू विघटन व्यय वहन करने के लिए सहमत हो गया । ₹ 36,000 के वास्तविक वसूली व्ययों का भुगतान बन्दू द्वारा किया गया ।

25. (क) संजू तथा मंजू एक फर्म में साझेदार थे तथा 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे । 31 मार्च, 2023 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :

31 मार्च, 2023 को संजू तथा मंजू का स्थिति विवरण

देयताएँ	राशि ₹	परिसम्पत्तियाँ	राशि ₹
पूँजी :		संयंत्र एवं मशीनरी	80,000
संजू 1,40,000		फर्नीचर	1,32,000
मंजू 1,20,000	2,60,000	विनियोग	60,000
सामान्य संचय	40,000	देनदार 76,000	
लेनदार	1,80,000	घटा – संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान 4,000	72,000
		बैंक में रोकड़	1,36,000
	4,80,000		4,80,000

1 अप्रैल, 2023 को लाभों में $\frac{1}{4}$ भाग के लिए निम्नलिखित शर्तों पर उदय को फर्म में प्रवेश दिया गया :

24. Nandu, Bandu and Chandu were partners in a firm. On 31st March, 2023 they decided to dissolve the firm. Pass necessary journal entries for the following transactions after the various assets (other than cash and bank) and outside liabilities have been transferred to Realisation Account : *6*

(i) Stock of ₹ 1,40,000 was taken by Nandu at a discount of 30%.

(ii) Creditors to whom the firm owed ₹ 40,000 accepted stock at ₹ 4,000 and the balance amount was paid to them by a cheque.

(iii) An old computer which had been written off completely from the books was sold for ₹ 4,000, whereas its estimated market value was ₹ 10,000.

(iv) Chandu had given a loan of ₹ 1,00,000 to the firm, which was paid to him through a cheque.

(v) ₹ 24,000 were recovered from a debtor which was written off as bad debt in the previous year.

(vi) Bandu was appointed to look after the dissolution work for which he was allowed a remuneration of ₹ 26,000. Bandu agreed to bear the dissolution expenses. Actual dissolution expenses of ₹ 36,000 were paid by Bandhu.

25. (a) Sanju and Manju were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 2. Their Balance Sheet on 31st March, 2023 was as follows :

Balance Sheet of Sanju and Manju as at 31st March, 2023

Liabilities		Amount ₹	Assets		Amount ₹
Capitals :			Plant and Machinery		80,000
Sanju	1,40,000		Furniture		1,32,000
Manju	1,20,000	2,60,000	Investments		60,000
General Reserve		40,000	Debtors	76,000	
Creditors		1,80,000	Less : Provision for doubtful debts	4,000	72,000
			Cash at Bank		1,36,000
		4,80,000			4,80,000

On 1st April, 2023, Uday was admitted into the firm for $\frac{1}{4}$th share in profits on the following terms :

(i) फर्नीचर पर ₹ 6,000 का मूल्यह्रास लगाया जाएगा ।

(ii) विनियोगों का मूल्यांकन ₹ 72,000 किया गया ।

(iii) संयंत्र एवं मशीनरी को संजू तथा मंजू ने अपने लाभ-विभाजन अनुपात में ले लिया ।

(iv) उदय आनुपातिक पूँजी तथा ख्याति प्रीमियम के अपने भाग के रूप में ₹ 10,000 नगद लाएगा ।

पुनर्मूल्यांकन खाता तथा साझेदारों के पूँजी खाते तैयार कीजिए । *6*

अथवा

(ख) रवि, तनु तथा सारा एक फर्म में साझेदार थे तथा 5 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे । अपनी बीमारी के कारण रवि 31 मार्च, 2023 को फर्म से सेवानिवृत्त हो गया । इसी तिथि को फर्म का स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :

31 मार्च, 2023 को रवि, तनु तथा सारा का स्थिति विवरण

देयताएँ		राशि ₹	परिसम्पत्तियाँ	राशि ₹
पूँजी :			स्थायी परिसम्पत्तियाँ	1,20,000
रवि	80,000		स्टॉक	1,60,000
तनु	1,24,000		देनदार	2,00,000
सारा	66,000	2,70,000	हस्तस्थ रोकड़	80,000
लाभ एवं हानि		1,70,000		
कर्मचारी भविष्य निधि		20,000		
लेनदार		1,00,000		
		5,60,000		5,60,000

अतिरिक्त सूचनाएँ :

(i) लेनदारों में ₹ 4,000 की एक राशि सम्मिलित थी, जिसका दावा नहीं किया जाएगा ।

(ii) देनदारों पर संदिग्ध ऋणों के लिए 5% का प्रावधान किया जाएगा ।

(iii) फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 1,60,000 किया गया ।

(iv) स्थायी सम्पत्तियों का मूल्य ₹ 5,000 अधिक पाया गया ।

(iv) तनु तथा सारा के मध्य 2 : 3 के नए लाभ-विभाजन अनुपात पर सहमति हुई ।

(vi) रवि को देय राशि उसके ऋण खाते में हस्तान्तरित की जाएगी ।

रवि की सेवानिवृत्ति पर पुनर्मूल्यांकन खाता तथा साझेदारों के पूँजी खाते तैयार कीजिए । *6*

(i) Furniture was to be depreciated by ₹ 6,000.

(ii) Investments were valued at ₹ 72,000.

(iii) Plant and Machinery was taken over by Sanju and Manju in their profit sharing ratio.

(iv) Uday will bring in proportionate capital and ₹ 10,000 as his share of goodwill premium in cash.

Prepare Revaluation Account and Partners' Capital Accounts. *6*

OR

(b) Ravi, Tanu and Sara were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 5 : 3 : 2. Ravi retired from the firm due to his illness on 31st March, 2023. The Balance Sheet of the firm on that date was as follows :

Balance Sheet of Ravi, Tanu and Sara as at 31st March, 2023

Liabilities		Amount ₹	Assets	Amount ₹
Capitals :			Fixed Assets	1,20,000
Ravi	80,000		Stock	1,60,000
Tanu	1,24,000		Debtors	2,00,000
Sara	66,000	2,70,000	Cash in hand	80,000
Profit and Loss		1,70,000		
Employees' Provident Fund		20,000		
Creditors		1,00,000		
		5,60,000		5,60,000

Additional Information :

(i) Creditors included a sum of ₹ 4,000 which was not likely to be claimed.

(ii) A provision of 5% for doubtful debts was to be created on debtors.

(iii) Goodwill of the firm was valued at ₹ 1,60,000.

(iv) Fixed Assets were found overvalued by ₹ 5,000.

(v) New profit sharing ratio of Tanu and Sara was agreed at 2 : 3.

(vi) The amount due to Ravi was transferred to his loan account.

Prepare Revaluation Account and Partners' Capital Accounts on Ravi's retirement. *6*

26. (क) निम्नलिखित स्थितियों में अंशों/शेयरों के हरण और उनके पुन: निर्गमन की आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए : *6*

(i) स्टार लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 8,000 अंशों/शेयरों का जिन्हें 10% प्रीमियम पर निर्गमित किया गया था, ₹ 40 प्रति अंश/शेयर (प्रीमियम सहित) की आबंटन राशि तथा ₹ 30 प्रति अंश/शेयर की प्रथम याचना का भुगतान न करने पर, हरण कर लिया । ₹ 20 प्रति अंश/शेयर की द्वितीय एवं अंतिम याचना अभी तक माँगी नहीं गई थी । इनमें से 6,000 अंशों/शेयरों को ₹ 70 प्रति अंश/शेयर, ₹ 80 प्रदत्त पर पुन: निर्गमित कर दिया गया ।

(ii) प्रीमियर लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के 3,000 अंशों/शेयरों का हरण कर लिया जिन पर ₹ 3 प्रति अंश/शेयर की प्रथम याचना का भुगतान नहीं किया गया और ₹ 2 प्रति अंश/शेयर की द्वितीय एवं अंतिम याचना अभी तक माँगी नहीं गई थी । इनमें से 2,000 अंशों/शेयरों को गीता को ₹ 12 प्रति अंश/शेयर, ₹ 8 प्रदत्त पर पुन: निर्गमित कर दिया गया ।

अथवा

(ख) ज़ी लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के 40,000 अंशों/शेयरों को ₹ 2 प्रति अंश/शेयर के प्रीमियम पर निर्गमित करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए । राशि निम्न प्रकार से देय थी :

आवेदन पर	– ₹ 4 प्रति अंश/शेयर
आबंटन पर	– ₹ 5 प्रति अंश/शेयर (प्रीमियम सहित)
प्रथम याचना पर	– ₹ 2 प्रति अंश/शेयर
द्वितीय एवं अंतिम याचना पर	– शेष

60,000 अंशों/शेयरों के लिए आवेदन प्राप्त हुए । 12,000 अंशों/शेयरों के लिए आवेदनों को रद्द कर दिया गया तथा आवेदकों को उनकी राशि वापस कर दी गई । 48,000 अंशों/शेयरों के आवेदकों को आनुपातिक आधार पर अंशों/शेयरों का आबंटन कर दिया गया । आवेदन पर प्राप्त अतिरिक्त राशि का समायोजन आबंटन पर देय राशि में कर दिया गया ।

सभी अंशधारकों/शेयरधारकों ने आबंटन राशि का भुगतान कर दिया, केवल एक अंशधारी/शेयरधारी को छोड़कर जिसने 1,200 अंशों/शेयरों के लिए आवेदन दिया था । आबंटन के तुरंत बाद उसके अंशों/शेयरों का हरण कर लिया गया । उसके बाद प्रथम याचना माँगी गई तथा पूर्ण देय राशि प्राप्त हो गई । द्वितीय एवं अंतिम याचना अभी तक माँगी नहीं गई थी ।

ज़ी लिमिटेड की पुस्तकों में उपर्युक्त लेनदेनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *6*

26. (a) Pass necessary journal entries for forfeiture and reissue of shares in the following cases : *6*

(i) Star Ltd. forfeited 8,000 shares of ₹ 100 each issued at 10% premium for non-payment of allotment money of ₹ 40 per share (including premium) and first call of ₹ 30 per share. The second and final call of ₹ 20 per share was not yet called. Out of these, 6,000 shares were reissued at ₹ 80 paid up for ₹ 70 per share.

(ii) Premier Ltd. forfeited 3,000 shares of ₹ 10 each on which the first call of ₹ 3 per share was not received and the second and final call of ₹ 2 per share was not yet called. Out of these, 2,000 shares were reissued to Gita at ₹ 8 paid up for ₹ 12 per share.

OR

(b) Zee Ltd. invited applications for issuing 40,000 shares of ₹ 10 each at a premium of ₹ 2 per share. The amount was payable as follows :

On Application	–	₹ 4 per share
On Allotment	–	₹ 5 per share (including premium)
On First call	–	₹ 2 per share
On Second and Final call	–	Balance

Applications were received for 60,000 shares. Applications for 12,000 shares were rejected and money returned to the applicants.

The shares were allotted on pro-rata basis to the applicants of 48,000 shares. The excess money received on application was adjusted towards sums due on allotment.

All shareholders paid the allotment money except one shareholder who had applied for 1,200 shares. His shares were forfeited immediately after allotment. First call was made thereafter and all the money due was received. The second and final call was not yet made.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of Zee Ltd. *6*

भाग ख

विकल्प – I

(वित्तीय विवरणों का विश्लेषण)

27. (i) निम्नलिखित में से कौन-सा 'वित्तीय विवरणों के विश्लेषण' का एक उद्देश्य ***नहीं*** है ? *1*

(A) फर्म की वर्तमान लाभप्रदता एवं प्रचालन कार्यक्षमता का पता लगाना ।

(B) फर्म की वित्तीय स्थिति के विभिन्न संघटकों के सापेक्षिक महत्त्व का निर्धारण करना ।

(C) मूल्य-स्तरीय परिवर्तनों के प्रभाव को ध्यान में रखना ।

(D) फर्म की लाभप्रदता/वित्तीय स्थिति में बदलाव के कारणों की पहचान करना ।

अथवा

(ii) _____ को अम्ल-जाँच अनुपात के नाम से भी जाना जाता है । *1*

(A) चालू अनुपात

(B) तरल अनुपात

(C) सकल लाभ अनुपात

(D) प्रचालन अनुपात

28. सुपर लिमिटेड का चालू अनुपात 2 : 1 है । निम्नलिखित में से किस लेनदेन के परिणामस्वरूप यह अनुपात घटेगा ? *1*

(A) लेनदारों को ₹ 40,000 का भुगतान

(B) फर्नीचर का विक्रय (पुस्तक मूल्य ₹ 38,000) केवल ₹ 16,000 में

(C) ₹ 7,00,000 के दीर्घकालीन ऋण का पुनर्भुगतान

(D) देनदारों से ₹ 1,18,000 नगद एकत्रित किए

PART B
OPTION – I
(Analysis of Financial Statements)

27. (i) Which of the following is ***not*** an objective of 'Analysis of Financial Statements' ? *1*

(A) To assess the current profitability and operational efficiency of the firm.

(B) To ascertain the relative importance of different components of the financial position of the firm.

(C) To consider the impact of price level changes.

(D) To identify the reasons for change in the profitability/financial position of the firm.

OR

(ii) _____ is also known as Acid-Test Ratio. *1*

(A) Current Ratio

(B) Quick Ratio

(C) Gross profit Ratio

(D) Operating Ratio

28. Current Ratio of Super Ltd. is 2 : 1. Which of the following transactions will result in decrease in this ratio ? *1*

(A) Payment of ₹ 40,000 to creditors

(B) Sale of furniture (book value ₹ 38,000) for ₹ 16,000 only

(C) Repayment of long term loan of ₹ 7,00,000

(D) Cash collected from debtors ₹ 1,18,000

29. (i) *कथन I :* ऋणपत्रों के निर्गमन का परिणाम रोकड़ का अन्तर्वाह होगा ।

कथन II : विक्रेताओं को मशीनरी क्रय के बदले ऋणपत्रों के निर्गमन का परिणाम रोकड़ का बहिर्वाह होगा ।

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

(A) दोनों कथन सही हैं ।

(B) दोनों कथन ग़लत हैं ।

(C) कथन I सही है तथा कथन II ग़लत है ।

(D) कथन I ग़लत है तथा कथन II सही है ।

अथवा

(ii) 'विक्रय-योग्य प्रतिभूतियों का नगद क्रय' का रोकड़ प्रवाह विवरण पर क्या प्रभाव होगा ? *1*

(A) कोई प्रभाव नहीं

(B) वित्तीय गतिविधियों से अंतर्वाह

(C) निवेश गतिविधियों से बहिर्वाह

(D) वित्तीय गतिविधियों से बहिर्वाह

30. 'नेलीगेअर इंडस्ट्रीज़ के अंशों का अधिग्रहण करने के लिए ₹ 5,00,000 का भुगतान किया और अधिग्रहण के बाद ₹ 30,000 का लाभांश प्राप्त किया ।' इस लेनदेन का परिणाम होगा : *1*

(A) वित्तीय गतिविधियों से ₹ 4,70,000 रोकड़ का बहिर्वाह

(B) निवेश गतिविधियों से ₹ 4,70,000 रोकड़ का अन्तर्वाह

(C) वित्तीय गतिविधियों से ₹ 4,70,000 रोकड़ का अन्तर्वाह

(D) निवेश गतिविधियों से ₹ 4,70,000 रोकड़ का बहिर्वाह

31. कम्पनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची III, भाग I के अनुसार निम्नलिखित मदों को कम्पनी के स्थिति विवरण में मुख्य शीर्षकों एवं उप-शीर्षकों (यदि कोई हो) के अन्तर्गत वर्गीकृत कीजिए : *3*

(i) अग्रिम याचना

(ii) खनन अधिकार

(iii) खुले औज़ार

29. (i) *Statement I :* Issue of Debentures will result in inflow of cash.

Statement II : Issue of Debentures to the vendors for purchase of machinery will result in outflow of cash.

Choose the correct option from the following : *1*

(A) Both statements are correct.

(B) Both statements are incorrect.

(C) Statement I is correct and Statement II is incorrect.

(D) Statement I is incorrect and Statement II is correct.

OR

(ii) What will be effect of 'Purchase of Marketable Securities for Cash' on Cash Flow Statement ? *1*

(A) No effect

(B) Inflow from financing activities

(C) Outflow from investing activities

(D) Outflow from financing activities

30. 'Paid ₹ 5,00,000 to acquire shares in Neligare Industries and received a dividend of ₹ 30,000 after acquisition.' This transaction will result in : *1*

(A) Cash outflow from financing activities ₹ 4,70,000

(B) Cash inflow from investing activities ₹ 4,70,000

(C) Cash inflow from financing activities ₹ 4,70,000

(D) Cash outflow from investing activities ₹ 4,70,000

31. Classify the following items under major heads and sub-heads (if any) in the Balance Sheet of a company as per Schedule III, Part I of the Companies Act, 2013 : *3*

(i) Calls in advance

(ii) Mining rights

(iii) Loose tools

32. निम्नलिखित सूचना से 'तरल अनुपात' तथा 'ऋण-समता अनुपात' की गणना कीजिए : *3*

		₹
कुल ऋण	–	8,00,000
स्टॉक	–	2,20,000
दीर्घकालीन ऋण	–	6,00,000
कार्यशील पूँजी	–	2,40,000
अंशधारकों/शेयरधारकों के कोष	–	12,00,000

33. (क) निम्नलिखित सूचना से 31 मार्च, 2023 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए तुलनात्मक लाभ व हानि विवरण तैयार कीजिए : *4*

विवरण	2022 – 23 (₹)	2021 – 22 (₹)
प्रचालन से आगम	4,00,000	2,00,000
अन्य आय	80,000	40,000
कर्मचारी लाभ व्यय – प्रचालन से आगम का 50%		
कर दर 50%		

अथवा

(ख) निम्नलिखित सूचना से 31 मार्च, 2023 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए न्यूरोसी लिमिटेड का 'सामान्य आकार लाभ एवं हानि विवरण' तैयार कीजिए : *4*

विवरण	2022 – 23 (₹)	2021 – 22 (₹)
प्रचालन से आगम	40,00,000	20,00,000
व्यापार माल का क्रय	4,00,000	2,00,000
अन्य व्यय	40,000	20,000
कर दर 50%		

32. Calculate 'Quick Ratio' and 'Debt-Equity Ratio' from the following information : *3*

		₹
Total Debt	–	8,00,000
Inventory	–	2,20,000
Long Term Debts	–	6,00,000
Working Capital	–	2,40,000
Shareholders' Funds	–	12,00,000

33. (a) From the following information, prepare Comparative Statement of Profit and Loss for the year ended 31st March, 2023 : *4*

Particulars	2022 – 23 (₹)	2021 – 22 (₹)
Revenue from operations	4,00,000	2,00,000
Other income	80,000	40,000
Employee benefit expenses – 50% of Revenue from operations		
Tax rate 50%		

OR

(b) Prepare a 'Common Size Statement of Profit and Loss' of Neurosci Ltd. for the year ended 31st March, 2023 from the following information : *4*

